जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

चूरू

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

चूरू, गुरुवार 17 मार्च, 2022



# 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले नाबालिग बच्चे की बल्ले से मारकर हत्या

**तारानगर, (निसं)।** तारानगर क्षेत्र के गांव सात्यूं में मंगलवार रात गिंदड़ देखकर घर लौट रहे 16 वर्षीय प्रदीप धाणक की आंख में मिर्च डालकर बेट से सिर पर हमला कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर डीएसपी ओमप्रकाश गोदारा व थानाधिकारी गोविन्दराम बिश्नोई ने मौके पर पहुंचकर शव को तारानगर के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

डीएसपी गोदारा ने बताया कि सात्यूं निवासी संदीप धाणक ने रिपोर्ट दी कि मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे अपने भाई प्रदीप, मुकेश व रानिवास के साथ गिंदड़ देखकर दूसरी गिंदड़ देखने जा रहे थे। तभी रास्ते में पवन, धर्मेन्द्र व रमेश पहले से ही घात लगाकर बैठे थे। तभी अचानक धर्मेन्द्र ने हमारी आंख में मिर्ची पाउडर फेंका, रमेश ने प्रदीप को पकड़ लिया और पवन ने बेट से प्रदीप के सिर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। बीच



तारानगर क्षेत्र के गांव सात्यूं में नाबालिग की हत्या के बाद मोर्चरी के आगे ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

बचाव करने पर आरोपियों ने हमारे साथ भी थापा मुक्कों से मारपीट की। संदीप ने बताया कि हत्या का मुख्य आरोपी पवन कुमार गोस्वामी करीब डेढ माह पहले हमारे परिवार में रात के समय बदनियती से घुस गया था। जिसे परिवार के लोगों ने पकड़कर उसकी पिटाई की थी। इसके बाद ही आरोपी प्रदीप धाणक से रंजिश रखने लगा था। पवन ने उसी समय प्रदीप को

- **गांव सात्यूं में मंगलवार रात गींदड़ देखकर घर लौट रहा था प्रदीप**

धमकी दी थी कि तुझे इस बार होली नहीं धोकने दूंगा। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

डीएसपी ओमप्रकाश गोदारा ने बताया हत्या की सूचना मिलने के बाद प्रकरण में नामजद आरोपी धर्मेन्द्र गोस्वामी को राउंडअप कर लिया गया है। पुलिस आरोपी से घटना के बारे में पूछताछ कर रही है। सात्यूं निवासी मृतक प्रदीप धाणक गांव में स्थित स्कूल की कक्षा 10 में पढ़ता था। उसके पिता धर्मपाल विदेश रहते है। प्रदीप के एक बहन व एक भाई है। दूसरी ओर आरोपी पवन कुमार आवारा प्रवृति का युवक है।

## 21 दिवसीय श्याम पाठ सम्पन्न हुआ

**चूरू, (का. सं.)।** सुभाष चौक स्थित वार्ड 56 के सांवरिया सदन में श्रीश्याम अखंड ज्योत सेवा समिति की ओर से फाल्गुन माह में पिछले 21 दिनों से चल रहे श्याम पाठ का समापन पवन जालान के नेतृत्व में बाबा श्याम की अखंड ज्योत प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर समिति के सभी सदस्यों ने बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया। कृष्णा राघव की जोड़ी ने अपनी मधुर वाणी से बाबा श्याम को भजनों के माध्यम से खूब रिझाया। इस अवसर पर कीर्तन की है रात बाबा आज थानै आणो है, आवो नी पधारो बाबा श्याम महारै आंगणै सहित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियों से वातावरण को धार्मिक बना दिया। गणेश वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने चार चांद लगा दिये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्री श्याम सेवा समिति के सदस्यों सहित अनेक महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ (राज.)

Fax:-01537-250043, Email.nagarpalikarawatsar@gmail.com, phone no-01537-250043

क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि शाखा/2022/4203 दिनांक :- 16.03.2022

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बद्री प्रसाद सुथार पुत्र श्री नोरंग राम जाति सुथार निवासी वार्ड नं. 15 रावतसर जिला हनुमानगढ ने प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज की फोटोप्रति प्रस्तुत कर अपने वार्ड नं. 15 रावतसर में स्थित आवासीय भूखण्ड से चिपती भूमि साईज 83.40 वर्ग फुट खांचा भूमि चाही है। जिसका मूल पट्टा नगरपालिका द्वारा दिनांक 07.05.2013 को श्री बद्री प्रसाद सुथार पुत्र श्री नोरंग राम जाति सुथार निवासी रावतसर जिला हनुमानगढ़ के नाम से साईज 300 वर्गगज का जारीशुदा है। जिसकी पश्चिम दिशा में साईज 83.40 वर्गफुट खांचा भूमि चाही है।

अतः उक्त आवासीय भूखण्ड से चिपती खांचा भूमि में आवंटन करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(प्रमोद कुमार)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, रावतसर

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ (राज.)

Fax:-01537-250043, Email.nagarpalikarawatsar@gmail.com, phone no-01537-250043

क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि शाखा/2022/4200-4202 दिनांक :- 16.03.2022

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पूर्णचंद पुत्र श्री प्रसादीलाल मेघवाल निवासी वार्ड नं. 27 रावतसर जिला हनुमानगढ ने प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज की फोटोप्रति प्रस्तुत कर अपने पुराना वार्ड नं. 20 नया वार्ड नं. 27 में स्थित आवासीय भूखण्ड से चिपती भूमि साईज 319.48 वर्ग फुट खांचा भूमि चाही है। जिसका मूल पट्टा नगरपालिका द्वारा दिनांक 07.05.2013 को श्री पूर्णचन्द पुत्र श्री प्रसादीलाल मेघवाल निवासी रावतसर जिला हनुमानगढ़ के नाम से साईज 300 वर्गगज का जारीशुदा है। जिसकी पूर्व दिशा में साईज 319.48 वर्गफुट खांचा भूमि चाही है।

अतः उक्त आवासीय भूखण्ड से चिपती खांचा भूमि में आवंटन करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(प्रमोद कुमार)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, रावतसर

## स्वर्ण पदक जीतने पर रिंकू पूनिया को बधाई

**सादुलपुर(निसं)।** राजस्थान सीनियर एथेलेटिक्स पुरुष व महिला प्रतियोगिता 13 व 14 मार्च 2022 को श्रीगंगानगर में आयोजित किया गया। जिसमें जनाऊ खारी निवासी रिंकू पूनिया ने 10 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

स्वर्ण पदक जीतने पर रिंकू पूनिया को राजस्थान राज्य खेल परिषद अध्यक्ष एवं सादुलपुर विधायक डॉ. कृष्णा पूनियां ने बधाई देते हुए कहा कि उसकी दृढता और समर्पण प्रशंसनीय है। स्वर्ण पदक जीतने पर उन्हें बधाई दी। संघ के उपाध्यक्ष लीलाधर शर्मा ने मेडल जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि जिस प्रकार खिलाड़ियों ने जिले का नाम रोशन किया हैं उसी प्रकार राजस्थान व देश का नाम रोशन करे। टीम मैनेजर सुरेश कुमार ने बताया कि शीघ्र ही आगामी प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला स्टेडियम चुरू में करवाया जायेगा।

## पद से व्यक्ति बड़ा नहीं होता है, विचार और आचरण ही बड़े होते हैं : रेहाना

**चूरू, (कासं)।** अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी संघ के तत्वाधान में जिला शाखा चूरू द्वारा स्थानीय दादू भवन में स्वतंत्रता सेनानी, वरिष्ठ पत्रकार, शिक्षाविद् व समाजवादी नेता स्व. कुशलसिंह राठौड़ की दसवीं पुण्यतिथि राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज के सानिध्य में मनाई गई। समारोह में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज ने कहा कि पद से व्यक्ति बड़ा नहीं होता है, विचार और आचरण ही बड़े होते हैं। कुशल सिंह राठौड़ के विचार और आचरण बड़े थे, जिन्होंने जन आन्दोलन के जरिये स्वतंत्रता, समानता और लोकतंत्र एवं समाजवाद की मूल पहचान हेतु मूल्यों को जीया।

रेहाना रियाज ने उन्हें संघर्षशील, प्रखर पत्रकार एवं समान्नित शिक्षक एवं लोकतंत्र का योद्वा बताया एवं कहा कि राठौड सदेव सत्य एवं न्याय के पक्षकर रहे तथा जन आंदोलनों के लिए उन्हें हमेशा याद किया जायेगा। नई पीढी को राठौड़ के जीवन से प्रेरणा लेकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने चूरू शहर में स्वर्गीय राठौड के नाम से सार्वजनिक पुस्तकालय बनाने एवं सार्वजनिक स्थान पर उनकी स्टेच्यू (मूर्ति) स्थापित करने की मांग की।

कार्यक्रम को भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सारस्वत, कांग्रेस नेता आशाराम सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता सज्जन सिंह राठौड, पूर्व तहसीलदार



अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी संघ के तत्वाधान में जिला शाखा चूरू द्वारा कुशलसिंह राठौड़ की दसवीं पुण्यतिथि मनाई।

सुरेन्द्र सिंह मेघसर, कर्मचारी नेता ठाकुरमल शर्मा, शिक्षाविद् सीताराम डाबी, अभिभाषक संघ के निवर्तमान अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, वर्तमान अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह शेखावत, पत्रकार राहुल शर्मा, पत्रकार देवराज लाटा, दूलीचन्द बरोड़, पत्रकार मधुसुदन शर्मा, पार्षद राजकुमार सारस्वत, पूर्व पार्षद ताराचन्द बांठिया, ब्लॉक पंचायत समिति सदस्य शंकर लाल नेहरा, सरपंच संदीप वर्मा, कांग्रेस नेता लीलाधर चुलेट, राधेश्याम चोटिया, डॉ. जमील चौहान, याकूब सिसोदिया एवं महेश बावलिया, हरिसिंह राठौड आदि ने संबोधित करते हुए राठौड के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

आयोजन में मानवेन्द्रसिंह, विरेन्द्र सिंह, सत्येन्द्रसिंह, धीरेन्द्र सिंह, शकुन्तला शेखावत सहायक आयुक्त कर विभाग रतनगढ़, निखिल, जयवर्द्धन, उपेन्द्र (पौत्र), एडवोकेट दानाराम शर्मा, श्याम लाल सैनी, रतन सिंह बरोला, दीपक सारस्वत, मनोज गहलोत, आनन्द प्रजापत, नरेन्द्र भालेरी, पवन कुमार खेमका, राजीव बहड़, सर्वेश शर्मा, इस्हाक गौरी, निजामूद्दीन, उदयसिंह खारिया, रतन सिंह खारिया, हरिसिंह खारिया, सुरेन्द्र सिंह खारिया, जगमाल सिंह टकणेत, मुरारी लाल इन्दोरिया, हरि प्रसाद रक्षक, जाकिर हुसैन, महेश मिश्रा, पूर्व पार्षद अशोक पण्डित ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सद्दाम हुसैन ने किया। अध्यक्षता शिक्षाविद् रामसिंह पूनिया ने की।

## राजस्थान के अभ्यर्थियों को न्याय मिलें : सरोज झाझडिया

**झुंझुनूं/मण्डावा, (निसं)।** भाजपा नेता सरोज झाझडिया ने कहा है कि पूर्व प्राथमिक शिक्षा अध्यापक भर्ती 2018 एनटीटी विज्ञप्ति में सिर्फ एनटीटी योग्यता मांगी गई थी, लेकिन उसको नजर अंदाज करते हुए 17 मार्च 2021 को प्रथम दस्तावेज सूची में गीता बजाज कॉलेज के 53 अभ्यर्थी समकक्ष योग्यताधारी को भर्ती प्रक्रिया में शामिल कर नौकरी दे दी गई और इसी गलती को द्वितीय दस्तावेज जांच सूची में फिर से दोहराते हुए काफी अभ्यर्थियों को नियुक्ति दे दी।

इस प्रकार गीता बजाज कॉलेज के अपात्र चयनित अभ्यर्थियों का हवाला देकर आधार मानते हुए बाहरी राज्यों के समकक्ष कोर्स को अभ्यर्थियों पीपीटीसी एवं डीपीएससी व अन्य को भी शामिल करने का आदेश सिंगल बैंच ने दिया जिससे राजस्थान के योग्य अभ्यर्थी इस भर्ती की से बाहर हो गए एनटीटी भर्ती 1350 पदों पर हुई थी पहली व दूसरी



सरोज झाझडिया

सूची में 839 अभ्यर्थी को नियुक्ति दी गई है। सरोज झाझडिया ने कहा कि इसके समाधान के लिए कोर्ट के सिंगल बेंच के फैसले को डिबी में याचिका लगाये जिससे राजस्थान के बेरोजगार योग्य एनटीटी का चयन हो सके व राजस्थान के अभ्यर्थियों को न्याय मिल सकें।

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़

क्रमांक :- न.पा.रा./कृ.भू./2022/4179-4181 दिनांक 16.03.2022

**प्रारूप-10**

(नियम 6(7) देखिए)

**-: लोक सूचना :-**

श्री नितेश पुत्र धर्मेन्द्र जाति मोची निवासी रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला हनुमागनढ़ तहसील हनुमानगढ़ | 21,22 डीडब्ल्यूडी | 157 419 (44) | किला संख्या 10/2 की 0.0130 है. में से 0.011 है., 11/1 की 0.228 है. में से 0.194 है., 12 की 0.2530 है., 13/3 की 0.0680 है., कुल तादादी 0.5260 है. है। |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूवोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ......... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
(अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)

### NAME CHANGE

I, Surendar kumar S/o Ramkumar Resident ward no.4 Teh., Distt. Jhunjhunu (Raj). In my Passport No.E2283606 in my name is wrongly recorded as "SURENDER" my correct name is "SURENDRA KUMAR" so enter it.

### नाम परिवर्तन

मैं इस्लाम अली मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम आदिल खान जन्म दिनांक भूलवश 21.6.2007 लिखी गई थी, जिसको दिनांक 25.5.2007 करवाया गया है, जो सही और सत्य है। आगे भविष्य में मेरे पुत्र आदिल खान की जन्म दिनांक 25.5.2007 ही पढ़ा और लिखा जावे। मेरे आर्मी नंबर जेसी 45 30 74 के एस यू बी सूबेदार इस्लाम अली ग्राम हमीरवास पोस्ट बीरमी जिला झुंझुनू राजस्थान।

### श्रीमान जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय, चूरू

**दिवानी विविध प्रार्थना पत्र उत्तराधिकार**
**सं. 36/21**

प्राथीगण-**मीनाक्षी व अन्य**
बनाम
अप्रार्थीगण- **सर्वसाधारण व अन्य**
**उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु**
**नोटिस बाबत सर्वसाधारण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण मीनाक्षी पत्नी स्व. श्री संजय कुमार जाति स्वामी निवासी वार्ड नं. 3 हास्पीटल कैम्पस रतनगढ़ चूरू हाल पवनपुरी बीकानेर व उसके पुत्र किनष्क शर्मा तथा प्रवण शर्मा के एक प्रार्थना पत्र पेश कर अपने पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र इस आश्य का प्रदान किये जाने की राहत चाही की प्रार्थीगण के क्रमश मिनाक्षी ससुर व कनिष्क शर्मा व प्रवण शर्मा के दादा डॉ. गणेशमल तथा सास व दादी गोमती देवी के नाम से एक लॉकर संख्या 742 जो स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा मैन मार्केट सरदारशहर में है को तोडा जाकर उसके संचालन करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रार्थीगण मीनाक्षी व उसके पुत्रगण कनिष्क शर्मा व प्रवण शर्मा के पक्ष में जारी किया जावे।

अतः लॉकर संख्या 742 जो स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा मैन मार्केट सरदारशहर में स्थित के संबंध में मीनाक्षी व उसके पुत्रगण कनिष्क व प्रवण शर्मा को तोड़कर संचालन करने के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने में हर आम व खास को कोई आपत्ति हो, तो इस न्यायालय में 31.3.2022 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 03.03.2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

आज्ञा से
वरिष्ठ मुन्सरीम
जिला एवं सेशन न्यायालय चूरू

## रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**पाटन, (नि.स)** राजकीय महाविद्यालय पाटन के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र सिंह यादव के सानिध्य में बुधवार को रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रभारी अधिकारी डॉ मदन लाल मीणा ने बताया कि निर्णायक की भूमिका में डॉक्टर हंसा यादव, शबनम, डॉ. ओमपाल कालावत, महिपाल ढिलाण, अशोक कुमार, करण सैनी रहे। डॉ. यादव ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में 4 सदस्यों ने भाग लिया जिसमें प्रथम पुरस्कार सरिता स्वामी तथा द्वितीय स्थान ज्योत्सना सैनी व तृतीय स्थान पर रजनी सैनी रही। मेहंदी प्रतियोगिता में कुल 6 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इन में प्रथम स्थान पर ज्योत्सना सैनी, द्वितीय स्थान पर सुशीला कुमावत एवं रजनी सैनी तथा तृतीय स्थान पर मासूम बानो रही। प्रतियोगिता का संचालन डॉ कलावत, डॉ. योगेश कुमार संभल ने किया और देवकी नंदन बंसल ने सहयोग प्रदान किया। प्राचार्य डॉ यादव ने सभी प्रतियोगियों को शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी को होली की शुभकामनाएं प्रेषित की तथा शांत एवं स्वच्छ धूंलडी मनाने का आव्हान किया।

## गींदड़ नृत्य आयोजन शुरू

**बीदासर, (निसं)।** नगर पालिका एवं गींदड़ आयोजन समिति के तत्वाधान मे मंगलवार की रात्रि मे कस्बे के गांधी चौक व दड़ीबा के करणी माता मंदिर स्थित गींदड़ चौक में होली के पर्व पर तीन दिवसीय गींदड़ नृत्य शुरू हुआ।

## बाजार में बेचे जा रहे हानिकारक कलर शरीर पर डालते हैं दुष्प्रभाव : डॉ. राहड

**झुंझुनूं, (निसं)।** होली का पर्व परवान पर है। शहर, बाजार की हर गली गुलाल से सजी हुई है। लेकिन आजकल होली खेलने के लिए बाजारों में बिकने वाले रंग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो रहे हैं। राजकीय बीडीके अस्पताल में सेवारत फिजशियन डॉ. कैलाश राहड का कहना है कि सिंथेटिक कलर में सस्ते एवं हानिकारक पदार्थ जैसे एसिड, क्षार, मिट्टी एवं ग्लास इत्यादि मिले होते हैं। यदि इन रंगों में तेल एवं पानी मिलाकर लगाया जाएं तो इसके दुष्प्रभाव और बढ जाते हैं। जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यह रंग बाजार में धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं और हम है कि इनके नुकसान के बारे में जानें बिना इसका उपयोग कर रहे हैं। वहीं प्रशासन भी इसकी रोकथाम को लेकर कोई विशेष कदम नहीं उठा रहा हैं। सिंथेटिक, पेस्ट, सूखे पाउडर, वाटर कलर शरीर के लिए काफी नुकसानदायक साबित हो रहें हैं।

डॉ. कैलाश राहड ने बताया कि सिंथेटिक कलर से शरीर पर कई



डॉ. कैलाश राहड, फिजिशियन
राजकीय बीडीके अस्पताल

दुष्प्रभाव पडते हैं। जैसे आंखों से कम दिखाई देना, जलन होना, कैंसर बनना, श्वांस की परेशानी, बालों का रूखापन, त्वचा पर जलन, हल्के घाव, खुजली होना इत्यादि नुकसान हो जाते हैं। जो पेस्ट सिल्वर, सफेद, काला चमकीलापन देते हैं। वे ज्यादा शरीर के लिए हानिकारक होते हैं। यह कलर गुर्दे की बीमारी, अंधापन, त्वचा कैंसर जैसी बीमारियों को जन्म देते हैं। सूखे गुलाल में भारी धातु, एस्बेस्टस एवं सिनिका मिले होते हैं। यह भारी धातु शरीर के अंदर जाकर शरीर की सामान्य क्रिया, गुर्दे, लीवर को प्रभावित करते हैं। पानी का रंग जो आसानी से उपलब्ध हो जाता है। यह भी शरीर के हानिकारक साबित होता है। इसके संपर्क में आने पर गंभीर त्वचा एवं आंख की बीमारी हो जाती हैं।

सिर्थेटिक कलर से होली ना खेलें, फूलों से होली खेलें, होली खेलते समय त्वचा एवं बालों में तेल लगाए ,चेहरे, गर्दन एवं हाथों पर सनस्क्रीन क्रीम लगाएं, शरीर पर लगे रंग को उतारने के लिए हल्दी, दही एवं बेसन के पेस्ट का प्रयोग करें।

डॉ. कैलाश राहड, फिजिशियन राजकीय बीडीके अस्पताल, झुंझुनूं का कहना है कि होली में सिंथेटिक कलर का प्रयोग करने से बचें। यह शरीर के लिए काफी नुकसानदायक है जो गंभीर रूप धारण कर सकते हैं।

### कार्यालय ग्राम पंचायत बुधवाली, पंचायत समिति रतनगढ़

क्रमांकः-निर्माण/ई-निविदा/2022-23/154-159 दिनांकः-15.03.2022

**ऑन लाईन ई-निविदा सूचना 02/2022-23**

इस ग्राम पंचायत को वर्ष 2022-23 के लिये ग्रामीण विकास की अन्य योजनाओं व महात्मा गांधी नरेगा योजना के लिये निर्माण सामग्री क्रय हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टित पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जी.एस.टी.) आयकर (पैन नम्बर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनर शिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1950 के अन्तर्गत पंजीकृत है, से निर्धारित प्रत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट www.eporc.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य/ सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत प्रति ग्राम पंचायत | धरोहर राशि प्रति ग्राम पंचायत | निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क प्रति ग्राम पंचायत | ऑनलाईन विक्रय/ डाउनलोड /अपलोड करने की तिथि व समय | प्रोसेसिंग शुल्क निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की तिथि व समय | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं व महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत ग्रा.पं. में सम्पादित किये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु बी.एस.आर. 2022-23 की दर के अनुसार निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु ई-निविदा दरें आमंत्रित | 50.00 लाख | 2 प्रतिशत राशि | 500+500 | 17.03.2022 सुबह 9 बजे से 26.03. 2022 को सांय 4 बजे तक | 28.03.2022 दोपहर 1.00 बजे तक | 29.03. 2022 को दोपहर 2.00 बजे एवं इसके बाद |

निविदा से सम्बन्धित ग्राम पांचयत अनुमानित लागत अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्तें www.eproc.rajasthan.gov.in पर व www.sppp.rajasthan.nic.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN NUMBER- ZCR2122GLRC01309
NIB NUMBER - ZCR2122A0670

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बुधवाली

गुलाब, सरपंच
ग्राम पंचायत बुधवाली

### कार्यालय ग्राम पंचायत समिति सिंघाना जिला झुंझुनूं

क्रमांकः-पंस./लेखा/2021-22/7176 दिनांक 14.03.2022

**ई-निविदा सूचना 05/21-22**

पंचायत समिति सिंघाना की अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में स्थित राजीव गांधी भारत निर्माण सेवा केन्द्रों/परिसम्पतियों की सुरक्षा सेवा प्रदाता एजेन्सी से जॉब आउट सोर्सिंग बेसिस पर सुरक्षा कार्य तथा मैन विद मशीन (कम्पयूटर ऑपरेटर) तथा सहायक कर्मचारी सेवाओं के उपापन के लिये ई-निविदा प्रक्रिया द्वारा दिनांक 24.03.2022 को सांय 6.00 बजे तक दर आमंत्रित की जाती है।

निविदाओं का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code. ZJU2122A0198
UBN- ZJU2122SLOB00646

विकास अधिकारी
पंचायत समिति, सिंघाना

## 'बेटियां देश का भविष्य है'

- **राजकीय बालिका स्कूल में हुआ वार्षिक उत्सव का आयोजन**

**खेतडी, (निसं)।** राजकीय बालिका स्कूल में बुधवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि न.पा. चेयरमैन गीता देवी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोकुलचंद सैनी, पार्षद लीलाधर सैनी थे, जबकि अध्यक्षता प्रधाना अध्यापिका मंजू सैनी ने की।

विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां देश का भविष्य है, लेकिन उन्हें भी अपने माता पिता को हमेशा याद रखना चाहिए। उनकी तस्वीर हमेशा अपने पास रखनी चाहिए और उन्हें अपना आदर्श बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरू हमेशा अपने शिष्यों को आगे बढने के लिए महत्वपूर्ण रास्ता दिखाता हैं जिस पर चलकर भविष्य की नींव तैयार की जा सकती है। इसलिए हमेशा अपने गुरूजनों को भी सम्मान देना चाहिए। सर्वप्रथम अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती के प्रतीक चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। वहीं विद्यालय परिवार की ओर से पूर्व में अध्ययन रही छात्राओं डॉक्टर ईशा, एडवोकेट सुनीता सहित अन्य छात्र-छात्राओं को माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भामाशाह का भी सम्मान किया गया। इसके अलावा राजकीय जय सिंह स्कूल में भी वार्षिक उत्सव में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बीसीएमओ डॉ. हरीश यादव, डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर रमेश यादव, मुरलीधर लालपुरिया, डॉ. सोमदत्त भगत, साया चौहान, प्रीतकौर, प्रधानाचार्य जिले सिंह, शंकर बीलवा, ओमप्रकाश गुप्ता सहित अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा व एएनएम सम्मानित

**सादुलपुर, (निसं)।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से राष्ट्रीय वैक्सीनेशन दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

सम्मान समारोह में 27 फरवरी को आयोजित हुए राष्ट्रीय पल्स पोलिया टीकाकरण दिवस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आशा सहयोगिनी व एएनएम को सम्मानित किया गया। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय वैक्सीनेशन दिवस के तहत ब्लॉक स्तर पर समारोह का आयोजन हुआ। 27 फरवरी को आयोजित हुए राष्ट्रीय पल्स पोलिया दिवस के बूथ कवरेज रिपोर्ट के आधार पर संबंधित ब्लॉक में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दो आशा सहयोगिनियों और एक एएनएम को सम्मानित किया गया। आशा सहयोगिनी व एएनएम को ब्लाक स्तर पर सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जान जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहितओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वग्रीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जान जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22857901 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. शाहरूख खान 2. खुर्शीद अहमद 3. सैयदा खुर्शीद अहमद | 05.03.2022 | 3,10,402.92/- | पट्टा नं. 234, वार्ड नं. 19, ग्राम मंडावा, झुंझूंनू, राजस्थान-333704 का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल-1188 वर्गफिट, और सीमायें है-पूर्व-रास्ता, पश्चिम- असगर अली का मकान, उत्तर-हाजी सलीम का मकान, दक्षिण-आम रास्ता |
| 2 | 34876634 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. तुलसी राम 2. निर्मला देवी | 05.03.2022 | 5,49,665.00/- | भूमि पट्टा नं. 051 (खसरा नं. 438 का भाग) क्षेत्रफल 141.48 वर्गगज, ग्राम किशनपुरा, तहसील खेतडी, जिला झुंझूंनू, (राज.) राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमायें है-पूर्व-सायर सिंह की खाली भूमि, पश्चिम-टेकचन्द का मकान, उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-दशरथ सिंह की खाली भूमि |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, जो आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत हुआ हो वर्तमान में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, जो आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत हुआ हो वर्तमान में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-

दिनांक- 17.03.2022
स्थान- झुंझुनूं

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, जो आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 13 संख्याः 318 प्रभात चूरू, गुरुवार 17 मार्च, 2022 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

# गहलोत के प्रयास पूर्णतया विफल हुए

## जी-23 नेताओं ने गुलाम नबी के निवास पर बैठक कर, कई प्रस्ताव फाइनल किये, सोनिया गांधी के समक्ष बातचीत के लिये

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 मार्च। अशोक गहलोत की मध्यस्थता की कोशिशें तथा गांधी परिवार की आलोचना को रोकने की कोशिशें पूरी तरह विफल हो गईं क्योंकि जी-23, जो वरिष्ठ नेताओं का एक अनौपचारिक ग्रुप हैं, की आज शाम मीटिंग हुई, ताकि गांधी परिवार पर दबाव डाला जा सके कि वह अब जाग जाये तथा उन चुनावी नुकसानों का उपचार करे, जिन्होंने पार्टी को हिला कर रख दिया हैं।

मीटिंग में एक बयान जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि वे लोग हाल ही के चुनावों के परिणामों से चिन्तित हैं तथा चाहते हैं कि निर्णय लेने के मामले में सामूहिक तथा समावेशी संवाद होना चाहिये। बयान में नेतृत्व परिवर्तन के बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है और न गांधी-परिवार पर कोई हमला ही किया गया है। लेकिन यह पहला अवसर है, जब कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता, जो जी-23 में भी शामिल हैं, ने सार्वजनिक रूप से कहा कि गांधी परिवार इस्तीफा दे और किसी अन्य नेता के लिये रास्ता साफ करे।

- जी-23 नेताओं ने एक प्रस्ताव भी पारित किया तथा एक सामूहिक व इन्क्लूसिव बातचीत का तरीका अपनाने की बात कही, कोई निर्णय लेने से पहले।
- प्रस्ताव में नेतृत्व परिवर्तन का कोई जिक्र नहीं है।
- पर यह भी सच है कि कपिल सिब्बल ने जरूर यह कहा कि, गांधी परिवार को स्वयं ही इस्तीफा दे देना चाहिये, जिससे नया नेतृत्व उभर कर आये।
- जी-23 की बैठक में शशि थरूर, कपिल सिब्बल, आनंद शर्मा, मनीष तिवाड़ी, पृथ्वीराज चौहान, भूपेन्द्र सिंह हूडा, परनीत कौर, मणिशंकर अय्यर, वघेला व संदीप दीक्षित भी उपस्थित थे।
- यह संख्या, लगता है और बढ़ेगी, पर गांधी परिवार के युवा, जी-23 के इन सुझावों को सुनने को तैयार हैं क्या।

कपिल सिब्बल ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व एक काल्पनिक दुनिया में जी रहा है तथा समय आ गया है कि नेतृत्व किसी अन्य व्यक्ति को पार्टी-नेतृत्व सौंप दे।

इस बयान ने पार्टी में मानो खलबली मचा दी है। जबकि गांधी परिवार को ऐसा लग रहा था कि वह इस ताजातरीन संकट पर बिना किसी खास नुकसान के पार पा लेगा।

ऐसी संभावना है कि गुलाम नबी आज़ाद सोनिया गांधी तथा शायद गांधी भाई-बहिन से मिलें तथा उन प्रस्तावों

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# राष्ट्रपति के चुनाव पर भी दो-दो हाथ करेंगी ममता

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 मार्च। राज्य विधानसभा चुनावों, जिनमें राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण राजनैतिक हस्ती के रूप में उभरने की ममता बनर्जी की महत्वाकांक्षा मिट्टी में मिल गई है, में मिली घोर पराजय के बाद, अब वे भाजपा को एक नई चुनौती दे रही हैं।

ममता ने कहा है कि अब राष्ट्रपति के चुनाव को लेकर टक्कर होगी, जो इस वर्ष के अन्त में ही होने चाहिये।

- ममता का सोच है, राष्ट्रपति का चुनाव आसान नहीं होगा भाजपा के लिये, क्योंकि देश में आधे विधायक नहीं हैं भाजपा के साथ।

ममता ने आज मीडिया से बात करते हुये इस संबंध में अपने विचार बताये तथा कहा कि भाजपा युद्ध के इस राउन्ड को जीतने की स्थिति में नहीं है।

भारत के राष्ट्राध्यक्ष (राष्ट्रपति) का चुनाव अप्रत्यक्ष विधि से होता है। इसके अन्तर्गत, संसद सदस्यों, मतदाता मंडल (इलैक्टोरल कॉलेज) इस सर्वोच्च पद के लिये अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देता है। इसके बाद, अपने पसंदीदा प्रत्याशी को चुनने के

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## अवकाश की सूचना

*होली पर्व के अवसर पर दैनिक राष्ट्रदूत कार्यालय में दिनांक 17 व 18 मार्च को अवकाश रहेगा। अतः दैनिक राष्ट्रदूत का अगला अंक 20 मार्च को प्रकाशित होगा।*

-प्रबंध सम्पादक




# राजस्थान में फिर जगी नए जिलों के गठन की आशा

## मुख्यमंत्री ने बनाई उच्च स्तरीय कमेटी, छः महीने में देगी रिपोर्ट

जयपुर, 16 मार्च (का.प्र.)। प्रदेश के कई क्षेत्रों से लंबे समय से अलग-अलग जिलों के गठन की मांग उठती रही है। नीम का थाना, कोटपूतली, शाहपुरा, बालोतरा, डीडवाना, फलोदी, ब्यावर सहित करीब एक दर्जन ऐसे क्षेत्र हैं, जिन्हें जिला बनाने की मांग की जाती रही है और उसको लेकर आंदोलन होते रहे हैं।

संभावना जताई जा रही थी कि इस बार के बजट में राजस्थान में नए जिलों के गठन की घोषणा होगी लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक भी नया जिला बनाने की घोषणा नहीं की। ऐसे में विधायकों की नाराजगी भी सामने आई और पचपदरा विधायक मदन प्रजापत ने तो पूर्व में की गई घोषणा के अनुसार बालोतरा को जिला नहीं बनाए जाने तक जूते नहीं पहनने की कसम खा ली।

अब बजट सत्र चल रहा है तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर राजस्थान में नए जिलों के गठन की आशा जगाई है। नए जिलों के गठन के उद्देश्य के लिए मुख्यमंत्री गहलोत ने उच्च स्तरीय समिति का गठन करने की घोषणा की। यह कमेटी छह माह में अपनी रिपोर्ट तैयार करके मुख्यमंत्री को सौंपेंगी।

गहलोत ने प्रदेश में नए जिलों के गठन और इनकी आवश्यकता का आंकलन करने के संबंध में जिस उच्च स्तरीय समिति के गठन को मंजूरी दी है, उसके अध्यक्ष भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी रामलुभाया होंगे। प्रमुख शासन सचिव (राजस्व विभाग) समिति के सदस्य सचिव होंगे। प्रमुख शासन सचिव (ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज), प्रमुख शासन सचिव (वित्त) और उनके प्रतिनिधि, जो विशिष्ट शासन सचिव स्तर से नीचे के न हों तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) की ओर से मनोनीत प्रतिनिधि, जो विशिष्ट शासन सचिव स्तर से नीचे न हों, समिति में सदस्य के रूप में सम्मिलित किए गए हैं।

यह समिति विधायकों, जनप्रतिनिधियों सहित आमजन से समय-समय पर प्राप्त होने वाले ज्ञापनों और मांग पत्रों पर विचार कर नए जिलों की आवश्यकता का आंकलन कर 6 माह में रिपोर्ट देगी।

# हिजाब

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 मार्च। सर्वोच्च न्यायालय ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं की शीघ्र सुनवाई से बुधवार को इंकार कर दिया जिसमें राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में हिजाब पहनने पर रोक का समर्थन किया गया था।

- सुप्रीम कोर्ट ने अविलम्ब, तुरन्त सुनवाई की मांग स्वीकार नहीं की।

वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े ने इस प्रकरण को मुख्य न्यायाधीश एन.वी.

( शेष पृष्ठ 5 पर )









# पांचवीं में निजी स्कूलों से मांग रहे 40 रुपए प्रति स्टूडेंट फीस

## आठवीं बोर्ड में नहीं लिया गया परीक्षा शुल्क, 9 को जारी हुई गाइडलाइन

**बीकानेर, (कासं)।** शिक्षा विभाग के दोहरे नियमों का खामियाजा प्राइवेट स्कूलों को भुगतना पड़ रहा है। पांचवीं बोर्ड के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब शिक्षा विभाग प्राइवेट स्कूलों से प्रति स्टूडेंट्स के हिसाब से 40 फीस मांग रहा है। यह फीस बच्चों से नहीं ली जानी है, बल्कि प्राइवेट स्कूलों को खुद वहन करनी होगी।

उधर, 8वीं बोर्ड परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो गई है और किसी भी स्टूडेंट से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया गया। पांचवीं बोर्ड के स्टूडेंट्स के शुल्क को लेकर निजी स्कूल संचालकों में नाराजगी है। निजी स्कूल संचालकों का कहना है कि पांचवीं बोर्ड के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 फरवरी से शुरू होकर 15 मार्च को पूरी हो चुकी है। शिक्षा विभाग ने 9 मार्च को जारी गाइडलाइन में फीस के आदेश जारी किए हैं। विभाग को यदि फीस लेनी थी तो आदेश पहले ही जारी करने चाहिए थे।

उधर, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पांचवीं बोर्ड में निजी स्कूल के स्टूडेंट्स की फीस के आदेश नए नहीं हैं। अगले माह 19 अप्रैल से शुरू होने वाली पांचवीं बोर्ड परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्रदेश भर से करीब 15 लाख अभ्यर्थियों ने पांचवीं बोर्ड परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। कोरोना के कारण पिछले दो साल से पांचवीं बोर्ड की परीक्षा नहीं करवाई गई। बिना परीक्षा के ही बच्चों को अगली कक्षा में प्रमोट किया गया। इस बार स्थिति सामान्य होने पर शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा ली जा रही है।

इस बारे में पेपा के प्रदेश समन्वयक गिरीराज खैरीवाल ने कहा कि आठवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स से किसी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया जा रहा है। पांचवीं बोर्ड परीक्षा में भी यह नियम लागू होना चाहिए।

स्कूल एजुकेशन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष कोडाराम भादू का कहना है कि शिक्षा सत्र 2019-20 में भी प्राइवेट स्कूलों से परीक्षा शुल्क लिया गया था लेकिन परीक्षा नहीं करवाई गई। वे फीस विभाग के पास जमा है।

## स्कूल बुलाकर छात्रा से रेप की कोशिश

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** सेतिया कॉलोनी की एक प्राइवेट स्कूल के डायरेक्टर पर छठी क्लास की छात्र से रेप की कोशिश का आरोप लगा है। पीड़ित छात्रा की मां ने दुष्कर्म के प्रयास का यह मामला दर्ज करवाया है।

छात्रा की मां का आरोप है कि स्कूल संचालक ने उसकी बेटी को पढ़ाने के लिए स्कूल बुलाया और उससे छेड़छाड़ व रेप की कोशिश की। महिला बताया कि उसकी बेटी सेतिया कॉलोनी की एक स्कूल में छठी कक्षा में पढ़ती है। स्कूल संचालक रघुवीर ने उसे पढ़ने के लिए स्कूल में बुलाया। उस समय स्कूल में कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान स्कूल संचालक ने उसकी बेटी से अश्लील हरकतें की और रेप का प्रयास किया। किसी प्रकार से उसकी बेटी भागकर घर आ गई और परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने पर छात्रा के परिजन स्कूल पहुंचे। वहां स्कूल संचालक और परिजनों में विवाद हो गया। इसके बाद परिजन महिला थाना पहुंचे जहां आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया।

# भवानी सिंह राजावत को हाईकोर्ट से जमानत मिली

**■ एडीशनल चीफ को जबरन पानी पिलाने का मामला**

**कोटा, (निसं)।** कोटा शहर की 500 कॉलोनियों और 50 से अधिक बहुमंजिला इमारतों के 1.50 लोग चम्बल के किनारे होते हुए भी शुद्ध पेयजल से वंचित होकर फ्लोराइड युक्त दूषित जल पीने का विवश थे।

इस मामले में पूर्व संसदीय सचिव भवानी सिंह राजावत ने अपने सैकड़ों समर्थकों एवं पीड़ित लोगों के साथ जलदाय विभाग के एडीशनल चीफ इंजीनियर महेश जांगिड़ का घेराव किया और उन्हें फ्लोरायड युक्त पानी पीने को विवश किया था। इस मामले में जलदाय मंत्री और बड़े कांग्रेसी नेताओं के दबाव के बाद राजावत एवं उनके समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इस प्रकरण में कोटा न्यायालय से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में अपील की गई जिस पर हाईकोर्ट ने राजावत एवं उनके समर्थकों की जमानत मंजूर कर ली।

ज्ञात हो कि राजावत व समर्थकों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज होने के बाद पूरे शहर में जन आंदोलन खड़ा हो गया और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शहरवासियों ने भी जगह जगह धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया, कई जगहों पर जलदाय मंत्री के पुतले जलाये गये, कहीं पुतले को पानी में डुबोया और कई अभियंताओं को फ्लोराईड युक्त पानी की बोतलें भेंट की गई। इसका नतीजा यह हुआ कि जयपुर में हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में हंगामा हो गया और सरकार को मजबूरन यह तय किया कि कोटा शहर के एक भी व्यक्ति को फ्लोराइड का पानी नहीं पीना पड़ेगा।

## राशिफल गुरूवार 17 मार्च, 2022



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2078, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 12:34 तक, धृति योग रात्रि 2:38 तक, तैतिल करण दिन 1:40 तक, चन्द्रमा शुक्रवार प्रातः 6:32 पर कन्या राशि में प्रवेश करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मकर, बुध-कुम्भ, गुरू-कुम्भ, शुक्र-मकर, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।

आज भद्रा दिन 1:30 से रात्रि 1:09 तक है। आज चान्द पूर्णिमा व्रत, दुताशिनी पूर्णिमा है।

होलिका दहन राजस्थान के पूर्वी भाग जयपुर, कोटा, चूरू, सीकर, टोंक, अलवर, अजमेर में भद्रा पुच्छकाल रात्रि 9:02 से रात्रि 10:14 तक में और पश्चिमी राजस्थान में रात्रि 1:10 पर करना शुभ रहेगा।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:08 तक, चर 11:06 से 12:35 तक, लाभ-अमृत 12:35 से 3:34 तक, शुभ 5:03 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:38, सूर्यास्त 6:32




**मेष**

परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों में के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**सिंह**

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**धनु**

धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।



**वृष**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।




**कन्या**

आर्थिक/वित्तीय मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।



**मकर**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।



**मिथुन**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा।



**तुला**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।



**कुंभ**

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**कर्क**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। घर-परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।



**वृश्चिक**

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।



**मीन**

व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

# महावा और बागेश्वर की पहाड़ी में लगभग 60 हेक्टेयर में लगी आग



**प्रशासन एवं स्थानीय लोगों की चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।**

**पाटन, (नि.स)** निकटवर्ती ग्राम पंचायत महावा की खारडा की ढाणी के सामने स्थित पहाड़ी में आग लग गई जो बागेश्वर धाम तक पहुंच गई।

लगभग 60 हेक्टेयर में आग लगने से आसपास के गांव में भी दहशत का माहौल देखने को मिला। गांव के 4 दर्जन से अधिक युवाओं ने पहाड़ी पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू किया परंतु हवा चलने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को भी दी परंतु समय पर अधिकारी नहीं पहुंच पाए जिस कारण आग काफी दूरी तक फैल चुकी थी। स्थानीय प्रशासन ने दमकल भी भिजवाई परंतु रोड से लगभग 2 किलोमीटर दूर पहाड़ होने के कारण दमकल पहाड़ तक नहीं पहुंच पाई। चार घंटे की बड़ी मशक्कत से ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।

जंगलों में इन दिनों लापला घास खड़ा हुआ है। इस लापला घास में जब आग लगती है तो यह पेट्रोल की तरह काम करती है। लोगों का अनुमान है कि जंगल में शायद किसी पशु चराने वाले व्यक्ति ने बीड़ी जलाते वक्त जलती तिल्ली को फेंक दिया होगा जिस कारण ही जंगल में आग लगी है। आग लगने से लाखों रुपए की वन संपदा जलकर राख हो चुकी है।

# सात क्विंटल अफ़ीम व डोडा-चूरा बरामद



**मांडलगढ़ पुलिस ने पिकअप गाड़ी में भरा सात क्विंटल अफीम डोडा-चूरा बरामद किया।**

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ थाना क्षेत्र के लाडपुरा के पास कोटा-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिस ने 38 बैग में भरा 674 किलोग्राम डोडा-चूरा को जब्त किया है। मांडलगढ़ थाना प्रभारी सुरेश चौधरी ने बताया कि चित्तौडगढ़-कोटा हाइवे सड़क पर बेगूं की ओर से लाडपुरा की तरफ आ रही एक पिकअप गाड़ी अमरतिया गांव के निकट नीलगाय से टकरा कर पलट गई और गाड़ी में आग लग गई। पुलिस टीम तुरन्त मौक़े पर पहुंची। वहां सड़क पर काले रंग के बैग इधर-उधर बिखरे पड़े मिले। तलाशी में डोडा चूरा मिला।

हादसे के बाद तस्कर अंधेरे में मौक़े से भाग छूटे। निकट के नितिन स्पिनर से दमकल वाहन को मौके पर बुलाया गया। एक घंटे के प्रयास के बाद पिकअप गाड़ी में लगी आग पर काबू पाया। डोडा-चूरा का वजन कराने पर 674 किलोग्राम मिला। डोडाचूरा ओर जली हुई पिकअप को जब्त कर एडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया हैं। पुलिस तस्करों का पता लगाने में जुटी हैं।

# इंग्लैंड ने भारत को 4 विकेट से हराकर पहली जीत का स्वाद चखा

माउंट मॉन्गानुई, 16 मार्च। ऑफ स्पिनर चार्ली डीन( 4-23) की घातक गेंदबाज़ी और हेदर नाइट (नाबाद 53) की कप्तानी पारी से गत चैंपियन इंग्लैंड ने विश्व कप में भारत को चार विकेट से हराकर चार मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज की जबकि भारत को दूसरी हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने 36.2 ओवरों के भीतर भारत को 134 रनों पर समेटने के बाद इंग्लैंड ने 312 ओवर में छह विकेट पर 136 रन बनाकर अपनी पहली जीत हासिल की। भारत को चार मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा लेकिन वह तालिका में तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड चार मैचों में अपने पहले दो अंकों के साथ छठे स्थान पर आ गया है।

इस अहम मैच से पहले अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज़ एमी जोंस ने गुहार लगाई थी कि इंग्लैंड खेल का मज़ा लेते हुए फ़ील्डिंग में ग़लतियां कम करने पर ध्यान दें। उनकी इस गुहार पर काम करते हुए टीम ने बुधवार को शानदार खेल दिखाया। विश्व कप में अपना केवल दूसरा ही मैच खेलते हुए युवा ऑफ़ स्पिनर डीन ने 23 रन ख़र्च करते हुए चार शिकार करते हुए अपने वनडे करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसके बाद कप्तान नाइट के नाबाद अर्धशतक ने 32 ओवरों के भीतर टीम को जीत दिलाई। अंत में कुछ विकेट गंवाने के बावजूद इंग्लैंड ने दो महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए जो विश्व कप में उनकी गाड़ी को पटरी पर लाने का शंखनाद हो सकते हैं। अंतिम तीन मैचों में इंग्लैंड को न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान और बांग्लादेश का सामना करना है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत निराशानजनक रही थी जब चार रनों के अंदर टीम ने सलामी जोड़ी को गंवा दिया था। पिछले मैच में लॉरेन विनफ़ील्ड-हिल की जगह शीर्ष क्रम में वापस आईं डैनी वायट फिर एक बार सस्ते में आउट हुईं। स्लिप में एक बढ़िया कैच लपकते हुए स्नेह राणा ने अपनी सहेली मेघना सिंह को यह विकेट दिलाई। टैमी बोमॉन्ट वायट के पीछे-पीछे चल पड़ी जब रिव्यू में पता चला कि गेंद पहले उनके पैड पर लगी थी और फिर बल्ले पर। बोमॉन्ट के रूप में झूलन गोस्वामी वनडे क्रिकेट में 250 विकेट झटकने वाली विश्व की पहली महिला बनीं।

नैट सीवर को भाग्य का सहारा मिला जब उन्होंने झूलन की गेंद पर ड्राइव लगाया और गेंद बल्ले और पैड पर लगकर स्टंप्स पर जा लगी। हालांकि उसकी गति इतनी कम थी कि बेल्स अपनी जगह पर बनी रहीं। मेघना ने अपने पहले स्पेल के चार ओवरों में 21 डॉट गेंदें डाली और मैच में कुल तीन विकेट झटके। इसके बाद तीसरी विकेट के लिए सीवर और नाइट ने 65 रन जोड़े और मैच पर अपनी पकड़ मज़बूत की। 45 रन बनाकर सीवर पूजा वस्त्रकर की गेंद पर कैच आउट हुईं। तब इंग्लैंड का स्कोर था तीन विकेट के नुक़सान पर 69 रन।

नाइट धीरे-धीरे लक्ष्य की तरफ़ आगे बढ़ रही थी जब हरमनप्रीत कौर ने मिडऑन से पीछे जाकर एक अद्भुत कैच लपका और एमी जोंस को बाहर का रास्ता दिखाया। इसके बाद सोफ़िया डंकली ने आउट होने से पहले 17 रनों की पारी खेली। जीत से सात रन दूर रहते डंकली और कैथरीन ब्रंट एक ही ओवर में आउट हुईं लेकिन नाइट ने एक छोर को संभाले रखा और सोफ़ी एक्लस्टन की मदद से टीम की नैय्या पार लगाई।

मैच के अंतिम चरणों में फ़ील्डिंग के दौरान हरमनप्रीत को घुटने में चोट लगी। भारतीय ख़ेमे के लिए अच्छी बात यह थी कि वह पैदल चलकर मैदान से बाहर गईं। दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ मिली हार में छोटी गेंदबाज़ी करने का ख़ामियाज़ा भुगतने के बाद इंग्लैंड के गेंदबाज़ इस मैच में फ़ुल लेंथ पर गेंदबाज़ी करने की रणनीति के साथ आ थे। इस योजना के सामने भारतीय बल्लेबाज़ टिक नहीं पाए और 73 रनों के भीतर उन्होंने सात विकेट गंवाए। आन्या श्रब्सोल ने अपनी 100वीं वनडे विकेट झटकी जब उन्होंने चौथे ओवर में यास्तिका भाटिया को बोल्ड किया। इन स्विंग गेंद बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर मिडिल स्टंप पर जा लगी। इसके बाद डंकली ने कैच के पहले मौक़े को जाने नहीं दिया और कवर प्वाइंट पर मिताली राज का एक लाजवाब कैच लपका।

मिताली एक रन ही बना सकी। केट क्रॉस और सीवर के सटीक थ्रो ने क्रमशः दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष को रन आउट किया और बताया कि इंग्लैंड ने अपनी फ़ील्डिंग पर बहुत काम किया है। सितंबर में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ घर पर अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने वाली डीन ने अपनी फिरकी से हरमनप्रीत को कीपर जोंस के हाथों कैच करवाया। इसके बाद उन्होंने स्नेह को ऑफ़ स्टंप के बाहर की फ़्लाइटेड गेंद के साथ शून्य पर चलता किया। इस बार भी जोंस ने उनका साथ दिया।

भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। शीर्ष और मध्य क्रम को गंवाने के बाद झूलन और ऋचा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। झूलन ने क्रॉस की गेंद को सीमा रेखा के बाहर दे मारा लेकिन ऋचा के रन आउट से इस साझेदारी का अंत हुआ। झूलन भी जल्दी ही अपनी विकेट खो बैठी जिसके बाद डीन ने मेघना को बोल्ड कर पारी को समाप्त किया।

# दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट खिलाड़ियों का बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के बजाय आईपीएल खेलने का मन

जोहान्सबर्ग, 16 मार्च। दक्षिण अफ्रीका के बंगलादेश के खिलाफ 18 मार्च से शुरू हो रही दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए कमजोर टीम उतारने की संभावना है, क्योंकि उनके सभी पहली पसंद के टेस्ट खिलाड़ी आईपीएल में जाने का विकल्प चुन रहे हैं।

क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक बंगलादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के बजाय आईपीएल को तवज्जो देने का खिलाड़ियों का फैसला सर्वसम्मत है। दक्षिण अफ्रीकी टेस्ट कप्तान डीन एल्गार ने इसे टेस्ट वफादारी का लिटमस टेस्ट करार दिया था। दरअसल क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने पिछले दिनों अपने खिलाड़ियों को आईपीएल और बंगलादेश के खिलाफ उनकी टेस्ट प्रतिबद्धताओं में से किसी एक को चुनने की अनुमति दी थी।

समझा जाता है कि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच एक समझौता हुआ, जिसके मुताबिक सीएसए ने अपने खिलाड़ियों को आईपीएल में भाग लेने के लिए एनओसी दी है और एक ही समय में बंगलादेश सीरीज के मैच नहीं रखे हैं।

दक्षिण अफ्रीकी बोर्ड के एक सूत्र ने क्रिकइंफो को बताया, बीसीसीआई के साथ मूल समझौता यह था कि हम अपने खिलाड़ियों को आईपीएल के लिए रिलीज करेंगे, लेकिन आईपीएल विंडो बड़ी हो गई है और हमारा समझौता वही है। इसका मतलब है कि दक्षिण अफ्रीका बंगलादेश के खिलाफ अपने पूरे फ्रंट-लाइन तेज गेंदबाजी आक्रमण के बिना उतरेगा। कैगिसो रबादा और लुंगी एनगिदी को क्रमशः पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा है, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को यान्सन, जो पिछले साल के अंत में भारत के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की घरेलू श्रृंखला के दौरान चोटिल हो गए थे, सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलेंगे।

इस बीच एनरिक नॉर्त्जे भी चोट के कारण निश्चित रूप से बंगलादेश टेस्ट सीरीज से बाहर हैं और उनकी आईपीएल उपलब्धता पर भी संदेह बना हुआ है। नॉर्त्जे ने आखिरी बार पिछले साल जुलाई में कैरेबियाई दौरे पर प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला था और कहा जाता है कि वह लंबे समय से पीठ और कूल्हे की समस्या से पीड़ित हैं। नॉर्त्जे, जो दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं, का फ्रेंचाइजी के चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा मूल्यांकन किया जाना है।

दक्षिण अफ्रीका के पहली पसंद के तेज गेंदबाजों की गैर मौजूदगी का मतलब है कि लुथो सिपमला और लिजाद विलियम्स, केशव महाराज के साथ, विचाराधीन तेज गेंदबाजी अटैक का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं। सिपमला अब तक केवल तीन टेस्ट खेले हैं। वह पिछले महीने क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड पर दक्षिण अफ्रीका की शानदार जीत का हिस्सा थे। इस बीच विलियम्स अभी टेस्ट क्रिकेट में अनकैप्ड खिलाड़ी हैं, लेकिन उन्होंने एक वनडे और छह टी-20 मैच खेले हैं।

## नाइट और मिताली ने झूलन को दी बधाई

माउंट मौंगानुई, 16 मार्च। इंग्लैंड की कप्तान हेदर नाइट और भारतीय कप्तान मिताली राज ने तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को 250 लेने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने पर बधाई दी है। इंग्लैंड ने हालांकि इस मुकाबले में भारत को चार विकेट से पराजित किया और अपनी पहली जीत दर्ज की। विजयी कप्तान हेदर नाइट, "शायद हमने थोड़े ज़्यादा विकेट खोए लेकिन शुरुआत के बाद आज की जीत अच्छी रही। हमने पिछले दो-तीन मैचों के रुझान को बदलना चाहा और गेंदबाज़ों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। विकेट थोड़ी धीमी थी और मैं सिर्फ़ आख़िर तक खेलना चाहती थी। झूलन को बहुत बधाई 250 विकेट लेने के लिए।" द मिताली राज ने कहा, "मुझे लगा हमने ऊपरी क्रम में कोई साझेदारियां नहीं बनाईं। मुझे लगता है 200 बनते तो हम दबाव बना सकते थे। फ़ील्डिंग में हम हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं।

## बुमराह टेस्ट रैंकिंग में नंबर चार पर पहुंचे

दुबई, 16 मार्च। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को बुधवार को जारी आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है।

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत और श्रीलंका के बीच दूसरे पिंक बॉल टेस्ट मैच में शानदार गेंदबाजी कर कुल आठ विकेट लेने की बदौलत बुमराह गेंदबाजों की सूची में शाहीन अफरीदी (पाकिस्तान), काइल जैमिसन (न्यूजीलैंड), टिम साउदी (न्यूजीलैंड), जेम्स एंडरसन (इंग्लैंड), नील वैगनर (दक्षिण अफ्रीका) और जोश हेजलवुड (ऑस्ट्रेलिया) को पछाड़ते हुए छह स्थानों की छलांग लगाकर 830 रेटिंग अंकों के साथ चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस, अनुभवी भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी तेज गेंदबाज कैगिसो रबादा हालांकि क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। वहीं मोहम्मद शमी एक स्थान के फायदे के साथ हमवतन रवींद्र जडेजा से ऊपर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि जडेजा 18वें स्थान पर खिसक गए हैं।

बल्लेबाजी रैंकिंग पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली पांचवें से सीधे नौवें स्थान पर खिसक गए हैं, जबकि उनके हमवतन ऋषभ पंत टॉप 10 में आ गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन पहले, इंग्लैंड के कप्तान जो रूट दूसरे, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ तीसरे और न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन चौथे स्थान पर बरकरार हैं।

इस बीच भारत के इनफॉर्म बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे पिंक बॉल टेस्ट मैच में क्रमशः 92 और 67 की मैच विजयी पारी खेलने के बाद बड़ी छलांग लगाई। वह 40 पायदान के फायदे से 37वें स्थान पर आ गए हैं।

## श्रुबसोल ने लिए 100 वनडे विकेट

तोरंगा, 16 मार्च। तेज गेंदबाज अन्या श्रुबसोल बुधवार को 100 वनडे विकेट लेने वालीं इंग्लैंड की छठीं गेंदबाज बन गईं। श्रुबसोल ने बे ओवल में भारत के खिलाफ 2022 आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। इसी के साथ वह कैथरीन ब्रंट (133 पारियों में 164 विकेट) के नेतृत्व वाले कुलीन क्लब में शामिल हुईं।

श्रुबसोल ने यास्तिका भाटिया का विकेट लेकर 82वें मैच में अपना 100 वनडे विकेट पूरा किया। इसके बाद उन्होंने भारतीय कप्तान मिताली राज का विकेट लेकर इंग्लैंड की पूर्व तेज गेंदबाज ईसा गुहा (81 मैचों में 101 वनडे विकेट) के आंकड़े की बराबरी की।

उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड की ओर से सर्वाधिक वनडे विकेट लेने के मामले में जेनी गुन (136 विकेट), लौरा मार्श (129 विकेट) और क्लेयर टेलर (102 विकेट) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

# हमें पूरे 50 ओवर बल्लेबाज़ी ना करने का ख़ामियाज़ा भुगतना पड़ा : झूलन

माउंट मौंगानुई, 16 मार्च। भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी का मानना है कि भारत को इंग्लैंड के ख़िलाफ़ पूरे 50 ओवर बल्लेबाज़ी ना करने का ख़ामियाज़ा भुगतना पड़ा। हालांकि चार विकेटों की इस हार के बावजूद उन्होंने बचे हुए मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बल्लेबाज़ी क्रम का समर्थन किया है।

134 रनों के छोटे लक्ष्य के बचाव में भारत ने गेंद के साथ कमाल का प्रदर्शन किया। उसने पहले इंग्लैंड को चार रनों पर दो विकेट और फिर 30 ओवरों के भीतर छह विकेट के नुक़सान पर 128 के स्कोर पर ला खड़ा किया था। इंग्लैंड की पारी को 32वें ओवर तक खींचकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि नेट रन रेट में भारी गिरावट ना आए। लेकिन एक सम्मानजनक स्कोर ना खड़ा करने का अर्थ था कि भारत केवल जीत को टालने का प्रयास कर रहा था।

महिला वनडे क्रिकेट में 250 विकेट झटकने वाली पहली महिला बनने वाली झूलन ने बुधवार को कहा, "हम निश्चित तौर पर 300 गेंदें खेलना चाहते थे लेकिन हम पूरे 50 ओवर नहीं खेल पाए। हमें इसका ख़ामियाज़ा भुगतना पड़ा क्योंकि हमारा लक्ष्य 240-250 तक पहुंचने का था जो इस मैदान पर अच्छा स्कोर होता। अगर हम ऐसा करते तो हम उन्हें (इंग्लैंड को) रोक पाते।"

झूलन ने आगे कहा, "क्रिकेट में किसी दिन आप अच्छे ढंग से योजना बनाते हैं लेकिन वह आपके पक्ष में नहीं जाती है। और आपको समझना पड़ता है कि आप विश्व क्रिकेट की एक सर्वश्रेष्ठ टीम का सामना कर रहे हैं। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में अच्छा खेल दिखाया है। दुर्भाग्यवश हम आज सही तरीक़े से अपनी योजना का पालन नहीं कर पाए।"

झूलन ने अपनी कप्तान और टीम की सबसे अनुभवी बल्लेबाज़ मिताली राज का सहयोग किया। विश्व कप से पहले मेज़बान न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ वनडे सीरीज़ में तीन अर्धशतक जड़ने वाली मिताली का बल्ला अब तक इस प्रतियोगिता में शांत रहा है। वह कभी तीसरे तो कभी चौथे स्थान पर बल्लेबाज़ी करती नज़र आई हैं। साथ ही मध्य क्रम में दीप्ति शर्मा भी कुछ कमाल नहीं दिखा पाई हैं। इस जोड़ी की फ़ॉर्म चिंता का विषय बन सकता है।

इस बात पर अपने विचार व्यक्त करते हुए झूलन ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि यह (तीसरे और चौथे नंबर के बल्लेबाज़ों से रनों की कमी) चिंता का विषय है। आप जानते हैं ना तीसरे नंबर पर कौन बल्लेबाज़ी कर रहा है : मिताली राज। वह अच्छी लय में आने से केवल एक बड़ी पारी दूर हैं। पिछली सीरीज़ में वह अच्छी बल्लेबाज़ी कर रही थी। मुझे लगता है कि दीप्ति ने भी अच्छा काम किया है। और पांचवें नंबर पर हरमन खेल रही हैं, तो मुझे नहीं लगता कि चिंता की कोई बात है। यह एक ख़राब दिन था जहां हमारी बल्लेबाज़ी नहीं चली।"

अब तक विश्व कप में भारत की बल्लेबाज़ी उतार-चढ़ावों से भरी रही है। पिछले मैच में वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ इस टीम ने इस संस्करण का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया था और बुधवार को वह संघर्ष करने के बावजूद 134 तक ही पहुंच पाई। साथ ही इन चारों मैचों में टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए हैं जो परेशानी का सबब बनता जा रहा है।




# हर तरफ यहीं धूम है मची, बुरा ना मानो होली है होली

रंग, उमंग, हास-परिहास और उल्लास का पर्व होली मुख्य रूप से रंगों का त्योहार है। इस दिन लोग एकजुट होकर खुशियां मनाते हैं और एक दूसरे को प्यार और स्नेह के रंगों में डुबोकर अपना उल्लास जाहिर करते हैं। हास-परिहास होली की आत्मा है। हँसना आदमी की सेहत के लिए लाभप्रद माना गया है। रंगों के त्योहार होली का सबको आतुरता से इंतजार रहता है। फाल्गुन महीना मौज़ मस्ती, उत्साह, मन की चंचलता से भरा होता है।

फागुन का महीना आते ही जैसे समूचा वातावरण रंगीन हो जाता है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को यह त्योहार मनाया जाता है। होली का नाम सुनते ही हमारी रग रग फड़कने लग जाती है। यह एक ऐसा अनूठा पर्व है जब लोग अपने गिले-शिकवे ख़त्म कर पुराने दुश्मन को भी गले लगा लेते हैं। होली उन लोगों को भी हंसी-ठिठोली करने पर मजबूर कर देती है, जो धीर - गंभीर भाव-भंगिमा में रहते हैं। इस दिन बच्चे से बुजुर्ग तक सभी उम्र के लोग एक दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल आदि से होली खेलते हैं। ढोल मजीरे बजा कर होली के गीत गाये जाते हैं और घर-घर जा कर लोगों को गुलाल व रंग लगाया जाता है। सचमुच होली में रंग है, प्यार है, उमंग है तरंग, आनंद और उल्लास है। यह त्योहार जाति-भेद, छोटा-बड़ा अमीरी-गरीबी से ऊपर उठकर मित्रता और भाई-चारे का सन्देश देता है।

इस दिन से फाग और धमार का गाना प्रारंभ हो जाता है। खेतों में सरसों खिल उठती है। बाग-बगीचों में फूलों की आकर्षक छटा छा जाती है। पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और मनुष्य सब उल्लास से परिपूर्ण हो जाते हैं। होली का यह रंग बिरंगा त्योहार मुख्य रूप से दो दिन मनाया जाता है। पहले दिन होलिका दहन होती है। दूसरे दिन धुलेंडी मनाते है। इस दिन एक दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल लगाते हैं। साथ ही ढोल बजा कर होली के गीत गाते हैं। देश हमारा इतना रंगीला है कि इसका हर रंग पूरी दुनिया पर चढ़ गया है। बहुत से स्थानों पर लोग ढोलक-झाँझ-मंजीरों की धुन के साथ नृत्य-संगीत व रंगों में डूब जाते हैं। इस दिन जगह-जगह टोलियाँ रंग-बिरंगे कपड़े पहने नाचती-गाती दिखाई पड़ती हैं। बच्चे पिचकारियों से रंग छोड़कर अपना मनोरंजन करते हैं। सारा समाज होली के रंग में रंगकर एक-सा बन जाता है। धुलेंडी के दिन एक दूसरे को रंगने और गाने-बजाने का दौर दोपहर तक चलता है। इसके बाद स्नान कर नए कपड़े पहन कर शाम को लोग एक दूसरे के घर मिलने जाते हैं।

बच्चे और युवा अपने बड़ों के पांव छूते है। एक दूसरे के गले मिलते हैं और मिठाइयाँ खिलाते हैं। रंगों के त्योहार होली पर हास्य-व्यंग्य का तड़का लग जाए तो यकीनन मजा दोगुना हो जाता है। होली पर व्यंग्य लेखन की परंपरा बहुत पुरानी रही है। हास्य गीतों और व्यंग्य की बौछारों के बिना होली अधूरी सी लगती है। बुरा न मानो होली है के भाव के साथ होली पर रंगों की बौछारों के साथ हास्य व्यंग्य के शब्द बाण भी छोड़े जाते हैं। हास्य व्यंग्य साहित्य की एक विधा है जो उपहास, मजाक और ताने का मिलाजुला स्वरुप है। मजाक एक परंपरा की तरह होली के पावन त्योहार का हिस्सा है। व्यंग्य विचार से पैदा भी होता है और अभिव्यक्ति से सामना कराता है। व्यंग्य विषंगति, झूठ और पाखंड का भड़ाफोड़ कर सत्य का अपने ढंग से साक्षात् कराता है। व्यंग्य फब्तियां कसती हैं जो हंसाती,गुदगुदाती और तिलमिलाती हैं। यह मस्ती और मजाक से भरा हुआ बांका पर्व है।

आज के दिन हर कोई अपने-अपने अंदाज में होली के रंगों में सराबोर है। होली की उपाधियों का एक अलग सा आनंद है। होली पर उपाधियों की पुरानी परम्परा है। उपाधियां हास-परिहास का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर शासक से सेवक तक मजेदार उपाधियां प्रदान की जाती है और कोई भी इन उपाधियों का बुरा नहीं मानता है। हालांकि कोरोना ने होली का परम्परागत उत्साह हम से छीन लिया है। फिर भी समय बड़ा बलवान है। कोरोना के माहौल के बावजूद होली का उत्साह किसी भी तरह कम नहीं होगा। हँसी ठिठोली न हो तो रिश्तों के रंग भी फीके पड़ जाते हैं। होली सिर्फ रंगों से नहीं बनती, उसमें हुड़दंग का तड़का भी ज़रूरी है।

बाल मुकुंद ओझा
**होली परिशिष्ट के अतिथि संपादक वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

**राष्ट्रदूत होली उपाधियां बाँटने के लिए अपनी तीखी नजर और पैनी कलम के लिए पहले से ही ख्यात हैं। राष्ट्रदूत किसी का दिल नहीं दुखाता मगर हर एक को खुश भी नहीं रख सकता। राष्ट्रदूत परिवार अपनी परंपरा का निर्वहन करते हुए एक बार फिर हास्य - व्यंग्य की फुव्वारों के साथ उपाधियों का पिटारा लेकर आपके समक्ष उपस्थित हुआ है। होली पर हंसाने और गुदगुदाने की गारंटी हैं ये उपाधियाँ। ऐसी उपाधियां जिससे लोगों को बुरा न लगे और उनकी बात सामने वाले तक भी पहुंच जाए। इसलिए कहा जाता है, बुरा न मानो होली है। आशा है की सदा की भांति आप इस रंगोत्सव की गरिमा के अनुरूप हास-परिहास से भरी चुटीली उपाधियों को सहृदयता से स्वीकार करेंगे।**





## राष्ट्रदूत परिवार की ओर से आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

### गुरुवार, 17 मार्च : होलिका दहन मुहूर्त

रात्रि 09 : 02 से 10:14, अवधि - 01 घण्टा 12 मिनट्स
पूर्णिमा तिथि आरंभ - दिन में 1: 29 (17 मार्च)
पूर्णिमा तिथि समाप्त - दिन में 12: 46 (18 मार्च)

### शुक्रवार, 18 मार्च : रंगवाली होली

भद्रा पूंछ - रात्रि 09 : 03 से 10:13, भद्रा मुख - रात्रि 10 :13 से 0 : 09

## सियासत के सूरमा

| | |
|---|---|
| कलराज मिश्र | - सीधी सट्ट |
| अशोक गहलोत | - बेताल पच्चीसी |
| डॉ. सीपी जोशी | - इस हाथ दे उस हाथ ले |
| शांति धारीवाल | - रणनीतिकार |
| डॉ बीडी कल्ला | - दूध का जला |
| महेश जोशी | - पूत कपूत तो क्यों धन संचय |
| प्रताप सिंह खाचरियावास | - ज्यों ज्यों भीगे काम्बली, त्यों त्यों भारी होय |
| उदयलाल आंजना | - दूर के ढोल सुहावने |
| लालचंद कटारिया | - घाट घाट का पानी |
| हेमाराम चौधरी | - नया नौ दिन, पुराना सौ दिन |
| रमेश मीणा | - अपनी करनी-पार उतरनी |
| राजेंद्र यादव | - मुंह चिकना, पेट खाली |
| शकुंतला रावत | - अंटी में न धेला, देखन चली मेला |
| टीकाराम जूली | - गुड़ खाये गुलगुलों से परहेज |
| जाहिदा खान | - बीती ताहि बिसारि दे |
| विश्वेंद्र सिंह | - अफलातून का नाती |
| भजन लाल जाटव | - नौ की लकड़ी, नब्बे खर्च |
| सुखराम बिश्नोई | - आसमान से गिरा खजूर पर अटका |
| ममता भूपेश | - अपना रख, पराया चख |
| मुरारी लाल मीणा | - दिन दूनी रात चौगुनी |
| परसादी लाल मीणा | - अंधेर नगरी चौपट राजा |
| सालेह मोहम्मद | - बने के सब यार हैं |
| सुभाष गर्ग | - आंख्या देखी परसराम, कदे न झूठी होय |
| प्रमोद भाया | - बैठे से बेगार भली |
| राजेंद्र सिंह गुढ़ा | - अपना काम बनता भाड़ में जाये जनता |
| अर्जुन बामणिया | - चिकना घड़ा |
| महेंद्रजीत सिंह मालवीय | - नाम बड़े और दर्शन छोटे |
| रामलाल जाट | - बद अच्छा बदनाम बुरा |
| अशोक चांदना | - अंधा बांटे रेवड़ी, फिर अपने देय |
| भंवर सिंह भाटी | - न ऊधौ का लेना, न माधो का देना |
| गोविंद राम मेघवाल | - थोथा चना, बाजे घना |

## कांग्रेस

| | |
|---|---|
| अजय माकन | - मान न मान, मैं तेरा मेहमान |
| सचिन पायलट | - एक और एक ग्यारह |
| गोविंद डोटासरा | - ज्यादा जोगी, मठ उजाड़ |
| हरीश चौधरी | - अंडे सेवे कोई, लेवे कोई |
| रघु शर्मा | - अब ताणी तो बेटी बाप कै ही है |
| महेंद्र चौधरी | - मुल्ला की दौड़ मस्जिद तक |
| रामेश्वर डूडी | - दान की बछिया के दांत नहीं गिनते |
| डॉ चंद्रभान | - घी का लडडू टेढ़ा ही भला |
| ब्रजकिशोर शर्मा | - गंगा गए गंगादास, जमुना गए जमुनादास |
| डॉ राजकुमार शर्मा | - दूर के ढोल सुहावने |
| डॉ जितेंद्र सिंह | - आँ तिलां में तेल कोनी |
| राजेंद्र पारीक | - मैं भी हूं |
| दीपेंद्र सिंह शेखावत | - आटे के साथ घुन की पिसाई |
| इंद्राज गुर्जर | - एक घर तो डाकण भी टाले है |
| अमीन कागज़ी | - सूरदास की काली कमरी, चढ़े न दूजो रंग |
| रफीक खान | - नाच ना जाने आंगन टेढ़ा |
| वेद प्रकाश सोलंकी | - बासी बचे, न कुत्ता खाये |
| खिलाड़ी लाल बैरवा | - खिसियानी बिल्ली |
| गिर्राज सिंह मलिंगा | - अपनी डफली अपना राग |
| जीआर खटाना | - खोदा पहाड़ निकली चुहिया |
| दानिश अबरार | - आदै पाणी न्याव होय |
| अमीन खान | - घर का जोगी जोगना |
| मदन प्रजापत | - गरीब की जोरू सब की भौजाई |
| जोगेंद्र सिंह अवाना | - ऊंची दुकान फीके पकवान |
| महादेव सिंह खंडेला | - चलती का नाम गाड़ी |
| बाबूलाल नागर | - जैसी करनी वैसी भरनी |
| कृष्णा पूनिया | - आम के आम गुठलियों के दाम |
| राकेश पारीक | - अंधा क्या चाहे बस दो आंखें |
| राजेंद्र चौधरी | - एकली लकड़ी जळ कोनी |
| प्रशांत सहदेव शर्मा | - आंधी के आम |
| अश्क अली टाक | - कंगाली में आटा गीला |
| ज्योति खंडेलवाल | - अभागियो टाबर त्युंहार नै रूसे |
| अर्चना शर्मा | - एक तो गिलोय वह भी नीम चढ़ी |
| गोपाल सिंह इडवा | - अपनी पगड़ी अपने हाथ |
| संयम लोढ़ | - दाल-भात में मूसलचंद |
| परसराम मोरदिया | - दो लड़े, तीसरा ले उड़े |

## भाजपा

| | |
|---|---|
| वसुंधरा राजे | - लड़ाई आर पार की |
| गुलाबचंद कटारिया | - जुबान संभाल कर |
| अरुण सिंह | - गुटबंदी खाये जा रही है |
| सतीश पूनिया | - लक्ष्य की और |
| राजेन्द्र राठौड़ | - तीर निशाने पर |
| चंद्रशेखर | - कारपोरेट कल्चर वाले भाईसाहब |
| कालीचरण सराफ | - मंदी की मार |
| अशोक परनामी | - बुझती अगरबत्ती |
| माधोराम चौधरी | - नागौरी मेथी |
| किरोड़ीलाल मीना | - खूंटा गाड़ दिया |
| घनश्याम तिवाड़ी | - माया मिली ना राम |
| अशोक लाहोटी | - पैसे की माया |
| राजपाल शेखावत | - दूसरे के सहारे कश्ती |
| अशोक सैनी | - सूनी पंचायती |
| दीया कुमारी | - सोने की चिड़िया |
| महेंद्र यादव | - बाबा की माया |
| मोहनलाल गुप्ता | - साइलेंट मोड |
| अरूण चतुर्वेदी | - राम भरोसे |
| अलका गुर्जर | - बीजेपी की सोनिया गांधी |
| श्रवण बगड़ी | - नौसिखिया नेता |
| जितेन्द्र गोठवाल | - मॉनिटर का जुगाड़ या काम चलाऊ नेता |
| नरपतसिंह राजवी | - राजनीतिज्ञ |
| राघव शर्मा | - कन्फ्यूज मैन |
| मुकेश दाधिच | - मधुर मुस्कान |
| भजनलाल शर्मा | - कार्यालय बाबू |
| राजकुमार भूतड़ा | - सोने का अंडा |
| रामलाल शर्मा | - बालाजी का वीर |
| राज्यवर्द्धन राठौड़ | - दमादम मस्त कलंदर |
| ओम माथुर | - तीसरी आंक |
| रामचरण बोहरा | - चलता फिरता |

## शासन के तीरंदाज

| | |
|---|---|
| उषा शर्मा | - ना काऊ से दोस्ती ना काऊ से बैर |
| रविशंकर श्रीवास्तव | - पाँव में पड़ गये छाले |
| वीनू गुप्ता | - अभी लाइन में है |
| सुबोध अग्रवाल | - कभी तो सुबह होगी |
| पवन कुमार गोयल | - हथेली में रेखा ही नहीं थी |
| आर. वैकटश्वरन | - खुशी खुशी कर दो विदा |
| सुधांश पन्त | - हम तो चले परदेश |
| अभय कुमार | - विवादों से दूर |
| अखिल अरोड़ा | - अब निशाने पर |
| अपर्णा अरोड़ा | - भले घर की बहू |
| शिखर अग्रवाल | - हिम्मत नहीं हारी |
| संदीप वर्मा | - विभाग तो चलेगा ही |
| कुलदीप रांका | - तलवार म्यान में ही रखते है |
| श्रैया गुहा | - जंगल में मोर नाचा |
| आनन्द कुमार | - घपलों से दूर |
| प्रवीण गुप्ता | - कसूर क्या है |
| भास्कर सांवत | - समय के साथ |
| अश्वनी कुमार भगत | - धीमी चाल |
| कुन्जी लाल मीना | - जैसा देश वैसा भेष |
| अजिताभ शर्मा | - धोखा खा गये |
| आलोक गुप्ता | - सबकी पंसद |
| दिनेश कुमार | - भेदभाव से दूर |
| राजेश यादव | - रूतबा कायम है |
| हेमन्त कुमार गेरा | - चर्चाओं से दूर |
| नवीन महाजन | - कोई गम नहीं |
| गायत्री राठौड़ | - पर्यटक |
| वैभव गेलरिया | - दवा असली है |
| टी. रविकान्त | - मेहनती उद्योगपति |
| सुबीर कुमार | - राज के ठाठ |
| भवानी सिंह देथा | - अपनी मस्ती में मस्त |
| विकास भाले | - देवताओं की शरण में |
| मुग्धा सिन्हा | - स्पष्टवादित |
| नवीन जैन | - दबंग |
| कृष्ण कान्त पाठक | - बेदाग |
| आशुतोष पेडनेकर | - होशियारी |
| पृथ्वीराज | - अब कोई व्यवधान नहीं |
| भानू प्रकाश | - परिश्रम नहीं होता है |
| डॉ. वीना प्रधान | - मेरा क्या होगा |
| रवि जैन | - कुछ नहीं है |
| समित शर्मा | - पाबन्द करो |
| अरूणा राजोरिया | - इन्श्योरेंस कब तक |
| डॉ. आयुषी अजय मलिक | - बहादुर पशु पालक |
| जोगाराम | - दीन दुखियों का सहारा |
| पी.सी किशन | - नजर नहीं आते |
| कैलाश चन्द मीणा | - क्या क्या याद करू |
| गजानन्द शर्मा | - मेरा क्या दोष है |
| सुरेश चन्द गुप्ता | - समझदारी |
| विनीता श्रीवास्तव | - अजमेर कब भेजोगे |
| जितेन्द्र कुमार उपाध्याय | - मेवाड़ की यादे |
| गौरव गोयल | - हुक्म हाजिर हूं |
| आरती डोगरा | - निकटता से दूर |
| वी. सरवन कुमार | - छुट गई गाड़ी |
| उर्मिला राजोरिया | - सभ्यता की सूरत |
| सुधीर कुमार शर्मा | - वित्त विशेषज्ञ |
| नरेश ठकराल | - दो दूनी रात चोगनी |
| बाबूलाल मीना | - जो ईश्वर की इच्छा हो |
| विष्णु चरण मलिक | - काम में दम है |
| शुचि त्यागी | - शिक्षा से पीछा छूटेगा |
| कैलाश बैरवा | - मुझे मौका दो |
| सावरमल वर्मा | - घूम फिर कर आ जाते है |
| महेश चन्द शर्मा | - भूल बिसरे गीत |
| निर्मला मीना | - आ गई चक्कर में |
| पवन अरोड़ा | - वक्त का राजा |
| मुक्तानन्द अग्रवाल | - जय सहकार |
| राजन विशाल | - फिर मैदान में |
| महेन्द्र सोनी | - निष्ठा का जवाब नहीं |
| विजय पाल सिंह | - चलती का नाम गाड़ी |
| शैली कृष्णानी | - धीरे-धीरे |
| सुषमा अरोड़ा | - प्यारी बहना |
| उज्जवल राठौड़ | - विश्वास की मिसाल |
| उमरदीन खान | - कलक्टरी छूट गई |
| अन्तर सिंह नेहरा | - बढ़ते कदम |
| गघेन्द्र भान चतुर्वेदी | - अकेला चलो |
| परमेश्वर लाल | - किसे धोक लगाऊं |
| महावीर प्रसाद वर्मा | - कौन पूछता है |
| विश्राम मीणा | - कब तक विश्राम करू |
| प्रकाश राज पुरोहित | - पांचों पानी में |
| जितेन्द्र कुमार सोनी | - चिड़ी बाज |
| इन्द्रजीत सिंह | - स्मार्ट |
| नेहा गिरी | - भोली भाली |
| विश्वमोहन शर्मा | - स्वच्छता की निशानी |
| ओम प्रकाश बुनकर | - काम से काम |
| कन्हैयालाल स्वामी | - जमीन का नाप जोख |
| महेन्द्र कुमार पारख | - विभाग चलता है |
| हद्रेश कुमार शर्मा | - गर्दिश से पीछा छूटा |
| नलनी कठोतिया | - संजीदा |
| सोहनलाल शर्मा | - महाज्ञानी |
| मेघराज सिंह रत्नु | - सदाबहार |
| अनुप्रेरणा सिंह कुन्तल | - बकाया भुगतान |
| राजेन्द्र विजय | - अपना सटलमेन्ट तो करें |
| शक्ति सिंह राठौड़ | - सभ्य आदमी |
| निकेत शिवप्रसाद मदान | - शान्ति में विश्वास |
| संदेश नायक | - अब करके दिखाऊगां |
| शिवागी स्र्वणकार | - पल में तोला पल में मासा |
| अनुपमा जोरवाल | - गरीबों की दवाई |
| प्रेमसुख विश्नोई | - अधूरी जांच |
| अमित कु. अग्रवाल | - उपभोक्ता के पैर में |
| आशीष गुप्ता | - जमीन हरी भरी करेंगें |
| महावीर प्रसाद मीणा | - सपना जेडीए का |
| डॉ. रश्मि शर्मा | - पुराना घराना |
| इकबाल खान | - बेफिक्र |
| कल्पना अग्रवाल | - आरटीओ ठीक था |
| सुनील शर्मा | - कानून बाज |
| पुष्पा सत्यानी | - मौंका दो |
| निशान्त जैन | - पर्यटन के अवसर |
| सीताराम जाट | - किसी का भला नहीं |
| अमित यादव | - आप समझे नहीं |
| अवधेश मीणा | - कुछ करके दिखाऊंगा |
| महेन्द्र खडगावत | - जमीन का आदमी |

## खाकी

| | |
|---|---|
| एमएल लाठर | - कैप्टन कूल |
| उमेश मिश्रा | - जग्गा जासूस |
| यू.आर. साहू | - ठंडा बस्ता |
| भूपेन्द्र दक | - जेल की दीवार |
| राजीव शर्मा | - ट्रेनिंग सेंटर |
| हवा सिंह घुमरिया | - पुराना चावल |
| रवि प्रकाश महेरड़ा | - सरदर्दी |
| संजय अग्रवाल | - रेल का सिपाही |
| वीके सिंह | - गाड़ी घोड़ा |
| अशोक राठौड़ | - रीट परीक्षा |
| बीएल सोनी | - बाज का पंजा |
| दिनेश एम एन | - टाइगर |
| आनंद श्रीवास्तव | - फेविकॉल का जोड़ |
| अजय पाल लाम्बा | - दंगा-फंसाद |
| हैदरअली जैदी | - नाकाबंदी |
| वंदिता राणा | - अवैध तस्करी |
| सुनीता मीणा | - नारी सुरक्षा |
| प्रहलाद कृष्णियां | - नए खुलासे |
| रिचा तोमर | - ताबातोड़ कार्रवाई |
| परिस देशमुख | - परकोटा |
| मृदुल कच्छावा | - नया शिकारी |
| मनीष अग्रवाल | - ग्रामीण पुलिस |
| श्वेता धनकड़ | - ट्रेफिक लाइट |
| मामन सिंह यादव | - मैट्रो स्टेशन |

## चीरफाड़

| | |
|---|---|
| डॉ. सुधीर भंडारी | - वीआईपी इलाज |
| डॉ. विनय मल्होत्रा | - मौके पर चौका |
| डॉ. राजेश शर्मा | - हारी बाजी |
| डॉ. प्रदीप शर्मा | - टूटा दांत |
| डॉ. संदीप जसूसा | - कैंसर की गांठ |
| डॉ. राजीव बगरहट्टा | - दिल की रफ्तार |
| डॉ. मानप्रकाश | - कान का पर्दा |
| डॉ. अनिल शर्मा | - हार्ट अटैक |
| डॉ. शशि मोहन | - दिल में ब्लॉकेज |
| डॉ. अशोक गुप्ता | - नई पहचान |
| डॉ. अरविन्द शुक्ला | - बच्चों का अस्पताल |
| डॉ. अखिलेश जैन | - मानसिक रोगी |
| डॉ. बीडी सिन्हा | - दिमाग का कारीगर |
| डॉ. जगदीश मोदी | - ट्रोमा सेंटर |
| डॉ. आरसी मीणा | - बैशाखी |
| डॉ. संजय जैन | - पागल मरीज |
| डॉ. विनय तोमर | - खराब गुर्दा |
| डॉ. संदीप निझावन | - पेट का अफरा |
| डॉ. रमन शर्मा | - ओमिकोन |
| डॉ. रघुराज | - टीकाकरण |
| डॉ. अजीत सिंह | - तीसरी लहर |
| डॉ. भारती मल्होत्रा | - नया वैरिएंट |
| डॉ. नरोत्तम शर्मा | - जांच बढ़ाओं अभियान |
| डॉ. एस बनर्जी | - कोरोना का इलाज |
| डॉ. आई डी गुप्ता | - दिमाग खराब |
| डॉ. पुष्पा नागर | - दायी मां |
| डॉ. एम.एल. गुप्ता | - सभी की चहेते |

## बुलडोजर

| | |
|---|---|
| गौरव गोयल | - बेदाग छवि |
| आनंदीलाल वैष्णव | - पांचों अंगुली घी में |
| जुगल किशोर मीणा | - जैसा साहब कहें |
| रघुवीर सैनी | - फेविकोल का जोड़, जेसीबी से तोड़ |
| ओंकारमल राजोतिया | - खजाने की चाबी |
| अयूब खान | - कानून की पोथी |
| विनय कुमार | - प्लानिंग का खेल |
| महेश तिवाड़ी | - हरियाली की चकाचौंध |
| मानसिंह मीणा | - बातों का सौदागर |
| अशोक लोमोड़ | - वनवास |
| वीरेन्द्र सिंह भाटी | - आजकल फ्री हूं |
| बलवंत लिठा | - यारी ही यारी |
| जगत राजेश्वर | - कमाऊ पूत |
| अशोक योगी | - उस्ताद आदमी |
| राम रतन शर्मा | - सरल स्वभाव |
| प्रवीण अग्रवाल | - शांति की नौकरी |

## नरकासुर

| | |
|---|---|
| डॉ. सौम्या गुर्जर | - खूब लड़ी मर्दानी... |
| मुनेश गुर्जर | - कुर्सी बचाने की जुगत |
| पुनीत कर्णावट | - इधर चला मैं उधर चला |
| असलम फारूकी | - नेताजी की मेहरबानी से |
| कुसुम यादव | - विपक्षी सरदार |
| दिव्या सिंह | - अज्ञातवास |
| शील धाबाई | - चार दिन की चांदनी.. |
| सुखप्रीत बंसल | - सपने अभी जिंदा हैं |
| मिनाक्षी शर्मा | - क्रांतिकारी |
| अभय पुरोहित | - दिन लद गये |
| जितेन्द्र श्रीमाली | - बिना गोली की बंदूक |
| दुर्गेश नंदिनी | - साफ-सुथरी छवि |
| राखी राठौड़ | - बागवान |
| शेर सिंह धाकड़ | - चाणक्य |
| रश्मि सैनी | - बत्ती गुल मी-र चालू |
| विनोद चौधरी | - नेताजी बिन सब सून |
| रमेश सैनी | - अब कौन पूछेगा |
| भारती लख्यानी | - मैं अनाड़ी, तू खिलाड़ी |
| पारस जैन | - कहां गये वो दिन |
| करण शर्मा | - कागजी नेता |
| महेश अग्रवाल | - युवा जोश |
| मनोज मुद्गल | - नेताजी की नेतागिरी |

## नरक निगम

| | |
|---|---|
| यज्ञमित्र सिंह देव | - खतरों का खिलाड़ी |
| अवधेश मीणा | - युवा जोश, नीति ठोस |
| अचलेश्वर मीणा | - लालच ने मरवाया, यहां आके पछताया |
| संतोष गोयल | - सिरदर्दी की कुर्सी |
| सत्तार खान | - मैं किसी से कम नहीं |
| शिप्रा शर्मा | - सादगी का जवाब नहीं |
| करणी सिंह | - एकांतवास |
| ममता नागर | - दोनों हाथ में लड्डू |
| सेठाराम बंजारा | - हथौड़े में दम नहीं |
| इस्लाम खान | - पशुओं के पीछे दौड़-भाग |
| सुरेन्द्र यादव | - हर खेल में माहिर |
| महेश मान | - प्लानिंग की प्लानिंग |
| रविन्द्र सिंह | - संजीदगी सबसे न्यारी |
| अनिता मित्तल | - काम से काम |
| प्रदीप पारीक | - यमराज |
| अतुल शर्मा | - अपनी तो बल्ले-बल्ले |
| राजीव शर्मा | - सीधा-सच्चा आदमी |
| आशीष कुमार | - कचरे में फंस गया |
| के.के. गुप्ता | - तार में करंट |
| विद्या सैन | - लेडी सिंघम |
| छगनलाल | - प्रमोशन के जुगाड़ी |
| जगदीश फुलवारिया | - आग लगे तो बुझा दूं |
| रामकिशोर मीणा | - गुपचुप खेल |
| कविता चौधरी | - किसी की राई-दुहाई में नहीं |
| राजेश मीणा | - यारों का यार |
| मनोज गोस्वामी | - कुर्सी से फिसले |
| दिनेश गुप्ता | - हरफनमौला |
| कमलेश जैमन | - प्रपंच में कौन पड़े |
| नरेन्द्र मिश्रा | - इतिहास की व्याख्या |
| देवानंद शर्मा | - सन्यासी |
| मोनिका सोनी | - दिन फिरने का इंतजार |
| दीपक शर्मा | - दाई-माई |
| रूपाराम चौधरी | - साहबजी! मेहरबान |
| हिमांशु शर्मा | - मेरा क्या कसूर |
| यतेन्द्र सांखला | - अब बने बाबाजी |
| हरेन्द्र चिराणा | - कुर्सी का मोह न छूटे |
| के.के. मीणा | - खाली खजाने का खजांची |
| रश्मि कांकरिया | - काश! प्रमोशन मिल जाता |
| सोनिया अग्रवाल | - लाइसेंस का गणित |
| उमंग राजवंशी | - जोड़-तोड़ का गणित |
| आलोक श्रीवास्तव | - ऊपरी हवा का असर |

## काला कोट

| | |
|---|---|
| सुधांशु कासलीवाल | - सर्व गुण संपन्न |
| एम.एस. सिंघवी | - सब ठीक कर दूंगा |
| राजदीपक रस्तोगी | - अपने मुंह मियां मिट्ठू |
| अश्विनी जैमन | - यारों का यार |
| आर एन माथुर | - हम भी थे दौड़ में |
| कमलाकर शर्मा | - यहां के रहे ना वहां के |
| आर बी माथुर | - जहां माल, वहां काम |
| नयना सर्राफ | - जाने क्या क्या कर गई |
| विभूति भूषण शर्मा | - मेरा हाथ मेरा भगवान |
| माधव मित्र शर्मा | - सट्टाबाज सरदार |
| तनवीर अहमद | - शायराना अंदाज |
| रामप्रताप सैनी | - संघर्षशील |
| संतकुमार जैन | - गुमनाम रहो, मस्त रहो |
| भरत व्यास | - निकल गया |
| आर पी सिंह | - फिर मेरी सरकार |
| विमल चोधरी | - सफाई तो तरसे |
| जी एस बाफना | - पर्दे के पीछे |
| नावेद रफीक खान | - मुझसे ना हो पायेगा |
| प्रतीक कासलीवाल | - चिट भी मेरी, पट भी मेरी |
| सुधीर गुप्ता | - कूल डूड |
| वीरेन्द्र लोढा | - तालू राम |
| एस एस होरा | - क्रिकेट में है दम |
| पुनीत सिंघवी | - मामा विधायक हमारे |
| रवि किरण माथुर | - मस्त मौजी |
| अनिल मेहता | - अपनी सरकार अपने जज |
| संदीप पाठक | - मेरा दिल जो चाहे थोड़ा पैसा |
| संदीप तनेजा | - होशियार |
| महेन्द्र शानडिल्य | - सबका नाम पता जानने वाला |
| अंशुमान सक्सैना | - सर्वगुण महासिचव |
| शंशाक अग्रवाल | - वरिष्ठ उपाध्यक्ष |
| अनंत कासलीवाल | - यारों का यार |
| दक्ष पारीक | - छोटे चाणक्य |
| दर्श पारीक | - अब तो छुट्टी ले लो |
| गोविन्द पुरोहित | - राजाबाबू |
| राजेन्द्र प्रसाद | - विद्यमान वकील |
| शीतल मिर्धा | - सरकारी रानी |
| ए के शर्मा | - चलता चला चल |
| शैलेश प्रकाश शर्मा | - जवानी जाती ही नहीं |
| सारांश सैनी | - सबसे बड़ी गाडीवाला |
| शोभित तिवारी | - जी-हुजूर |
| विज्ञान शाह | - उभरते अधिवक्ता |
| अनिल उपमन | - सारी मेहनत जज बनने के लिए |
| राजेश मेहर्षि | - हर जगह उपस्थित रहने वाला |

## कारोबारी डंक

| | | |
|---|---|---|
| रोहिताश नोलखा | 5 एमएल मिल्क | अच्छी सेहत का वादा |
| मृणाल पुरोहित | एयू फाइनेंस | आगे बढ़ते रहो |
| रानू जिंदल | आरी तारी | सुंदर को अति सुंदर बनाना |
| मनोज पांडे | आवास फाइनेंस | लोन की दुनिया |
| कृष्ण यादव | अभिव्यक्ति इंस्टीटयूट | सभी को शिक्षित करके रहूँगा |
| उज्जवल पूनिया | आधार प्राइम रियल होम्स | सभी को अपना घर दिला के रहूंगा |
| डॉ. लवलीश जैन | आदिनाथ ईएनटी अस्पताल | भीड से हट कर |
| पंकज जैन | एगॉन इलेक्ट्रॉनिक्स | कामयाबी के सफर में बढ़ते हुए |
| मुकुल गोयल | अग्रवाल कॉलेज | हंसते हँसाते जेब हल्की करो |
| मनीष | अग्रवाल कॉलेज | कोई यहाँ भी एडमिशन करवाएगा |
| सुनील जैन | अक्षत | एक अलग पहचान |
| अनुराग शर्मा | अलौकिक | इतना सन्नाटा क्यों है भाई |
| प्रशांत गुप्ता | अनुकंपा | बदलाव की तरफ बढ़ते कदम |
| सी.के. शर्मा | एपेक्स यूनिवर्सिटी | सौम्य और सरल स्वाभाव |
| मेघा जैन | आर्च | बहुत ही मीठी वाणी |

( शेष अगले पृष्ठ पर )

## चूरू
## शेखावाटी के हुड़दंगी

### चूरू के कलपुर्जे

रेहाना रियाज - मैं भी हूं
हनुमान कोठारी - आ मैदानां मं
मकबूल मण्डेलिया - ना भाया ना
हरलाल सहारण - काडले नांव
रफीक मण्डेलिया - नाको लागै कोनी
गोविन्द महनसरिया - के पड़्यो है
मुस्ताक खान - साची कैवै लाई
गौरीशंकर मण्डावेवाला - मैं हूं न
मो. हुसैन निर्वाण - के करां
बनवारीलाल शर्मा - के काम आवै
ओम सारस्वत - मानणी पड़सी
रियाजत खान - सुणो तो सरी
मोहनलाल आर्य - तातै घावां
रणजीत सातड़ा - टेमूं-टेम
आशाराम सैनी - जाण दे बापड़ै नै
डॉ. वासुदेव चावला - सपनो ल्यो
दीपचंद राहड़ - और के तो
मोहनलाल गढ़ वाल - सागी हूं
पंकज गुप्ता - पावली चलगी
राधेश्याम चोटिया - आपां के करी
बसंत शर्मा - है बठैई रैणद्यो
लालचंद सैनी - ना ओ
विजय शर्मा - गेलो कोनी लाध्यो
रघुनाथ खेमका - गुड़ खाल्यो
सुरेश सारस्वत - बतादेस्यां लाडी
रतनलाल जांगिड़ - कुण सुणै है
जमील चौहान - घणाईं भाजां हां
विकास मील - के मिल्यो
दीनदयाल सैनी - खर्चो ई लागै
आरिफ पीथिसर - बाजण द्यो
रामेश्वर प्रजापति - धाप्या कोनी के
नरेन्द्र सैनी - और लेल्यो
रमजान खान - भुलां कोनी
हेमसिंह शेखावत - थम ज्यावो
नारायण बालाण - तेल कड़ाई चढ़ै
रवि दाधीच - छांटा न लागज्या
अबरार खान - देखो ढांचो जचसी
रामनिवास सहारण - दे दड़ादड़
विक्रम कोटवाद - ब बातांईं गई
आमिन खान - बो तो कोनी जा
योगेन्द्र शर्मा - खायेड़ो कढ़ास्यां
अंजनी शर्मा - बस करो थे
भास्कर शर्मा - ढोल बजावां के
नरेन्द्र काछवाल - गुलगला खाल्यो
दौलत तंवर - टिगट ही नै
गिरधारीलाल तंवर - जाणग्यो मैं
राजकुमार सारस्वत - के कर्‌स्यो
भंवरलाल गुर्जर - लागग्या रै
महेश मिश्रा - ज्यान की बाजी
असलम खोखर - के जुगाड़ है
कालू महर्षि - बास्ते लागण दे
विश्वनाथ सैनी - ल्यो च्यां-चुप
लीलाधर चुलेट - खड़्या ना रो
अरविन्द बाघ - आगैसी जा दिखां
शिव कुमार शर्मा - ओ के होग्यो रै
डॉ. दुलाराम सहारण -जै हो जी
जुगल क्याल - सांग माड़ोई है
ई. सुरेश शर्मा - चालै गाडी
पत्रकार बनवारीलाल शर्मा - अं हैं
सुबौध मासूम - चलता पुर्जा
संत कुमार सारस्वत - जय बाबे की

### लिखारा

नारायण सिंह दिलचस्प - परदेशी
बनवारी खामोश चूरूवी - गजलों के गुलेरी
प्रो. कमल कोठारी - राष्ट्रवादी
मंगल व्यास भारती - गीत गाता चल
चन्द्र प्रकाश ढंढ - जागती जोत

### पाटन

सुरेश मोदी - उम्मीदों पर खरा
प्रेम सिंह बाजौर - टाइम पर देख लेस्यां
रमेश खंडेलवाल - तिल देखो तिलों की धार देखो
करण सिंह बोपिया - टिकट की सैटिंग
रघुवीर सिंह तंवर - भारतीय रेल के भरोसे
कांता प्रसाद शर्मा - बाबूजी का एडीसी
बृजेश कुमार गुप्ता - सफल डिप्लोमेट
सत्यवीर यादव - कहीं पर निगाहें कहीं पर निशाना
त्रिलोक दीवान - मैडम से बात करो
महेश मैगोतिया - पट्टों का सौदागर
सुवालाल सैनी प्रधान - बुरे फंसे मेहमान बनकर
मंजू सैनी - नीमकाथाना पर निगाहें
राजेश भाईडा - संघर्षशील जीवन

# गंदे पानी की समस्या से परेशान व्यापारियों ने मुख्य मार्ग जाम किया

**सुजानगढ़** (का.स)। नगरपरिषद साल के करोड़ों रूपए खर्च कर भी शहर के मुख्य मार्गो को साफ नही रख पा रही है। भले ही नगरपरिषद के अधिकारी व सभापति द्वारा बडे दावों की पोल मुख्य मार्गो पर लगे गंदगी के ढेर व सडकों पर आने वाले गंदा पानी ने खोलकर रख दी है। बुधवार को इसी समस्या से परेशान होकर घंटाघर के व्यापारियों ने गंदे पानी के भराव की समस्या को लेकर रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाला मुख्य रास्ता जाम कर दिया। शहर का सबसे मुख्य रास्ता होने के मुख्य बाजार में चारों तरफ करीब 2 घंटे तक ट्रैफिक बार-बार जाम होता रहा।

व्यापारियों का कहना था कि घंटाघर के पास आए दिन नाले ओवरफ्लो होकर गंदा पानी भर जाता है। जिससे व्यापारियों को भारी परेशानी होती है। ग्राहक दुकानों में नहीं घूस पाते हैं। टूटी हुई सडकें होने के कारण इन गड्ढों में पानी भर जाता है। जिससे कई बार राहगीर भी गिर जाते हैं।

नगर परिषद के एसआई कलजीत सिंह समझाइश के पहुंचे तो व्यापारियों ने कहा कि जब तक जिम्मेदार अफसर आकर लिखित में आश्वासन नहीं दे तब तक रास्ता नहीं खोलेंगे। इसके बाद व्यापारियों ने पैदल चलने वालों को भी नहीं जाने दिया। जिसके कारण कई लोग व्यापारियों से उलझ गए। इसके बाद तहसीलदार गोविंदराम बगडिया नगर परिषद एईएन दिलीप सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। व्यापारियों ने टूटी सडकों की मरम्मत करवाकर गड्ढे भरने और डटे हुए नालों की जल्दी सफाई करवाने के आश्वासन के बाद रास्ता खोला। प्रदर्शन करने वालों में किशन बोचीवाल, अरविंद शर्मा सहित दर्जनों दुकानदार शामिल थे।


घण्टाघर पर प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों से तहसीलदार ने वार्ता की

- शहर का सबसे मुख्य रास्ता होने के मुख्य बाजार में चारों तरफ करीब 2 घंटे तक ट्रैफिक बार-बार जाम रहा
- व्यापारियों का कहना था कि घंटाघर के पास आए दिन नाले ओवरफ्लो होकर गंदा पानी भर जाता है

# स्कूलों में छोटे बच्चों को लगाए कोरोना के टीके


सरस्वती पब्लिक स्कूल में बच्चों को कोरोना का टीके लगाती मेडिकल टीम।

**खेतड़ी,** (निसं)। सरस्वती पब्लिक स्कूल में बुधवार को सरकार की ओर से छोटे बच्चों के लिए चलाए गए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीसीएमओ डॉ. हरिश यादव थे, जबकि अध्यक्षता प्रभारी डॉ. संजय कुमार सैनी ने की। बीसीएमओ डॉ. हरीश यादव ने बताया कि सरकार द्वारा 12 से 14 साल के बच्चों के टीकाकरण करने के निर्देश दिए थे, जिस पर जिला मुख्यालय से वैक्सीन प्राप्त कर सभी सेंटर पर समय पर पहुंचाया गया।

प्रभारी डॉ. संजय सैनी ने बताया कि बच्चों को वैक्सीन लगाने के लिए पहले दिन तीन स्कूलों का चयन किया गया था, जिसके लिए टीमें लगाकर टीकाकरण करवाया गया है। बच्चों की सेहत को ध्यान मे रखते हुए अलग से निगरानी के लिए टीम लगाई गई है। पहले दिन 60 बच्चों को टीके लगाए गए। वैक्सीनेशन प्रभारी डॉ. महेंद्र सैनी ने टीकाकरण का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर डॉ. संदीप चोपदार, ओमप्रकाश, हैल्थ सहायक जितेन्द्र गुर्जर, सत्यवीर, गोविंद, पीर सिंह, ममता सैनी, ममता कुमारी आदि मौजूद थे।

# राजकीय टांटिया बालिका विद्यालय में वार्षिकोत्सव मनाया

**सरदारशहर,** (निसं)। राजकीय टांटिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव व रसायन विज्ञान प्रयोगशाला लोकार्पण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पालिकाध्यक्ष राजकरण चौधरी समारोह के मुख्य अतिथि, एसीबीओ बाबूलाल शर्मा व सन्दर्भ व्यक्ति राकेश किलानिया विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य गिरीश लाटा ने की। अतिथियों का कृष्ण गोपाल शर्मा, नन्दलाल पारीक, ताराचंद शर्मा, अशोक जाखड, मनीष सेवदा व राजवीर सिंह, राजेन्द्र कुमार, आशाराम मेघवाल द्वारा साफा पहनाकर व श्रीफल तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

सरस्वती वंदना के साथ प्रारम्भ हुए इस कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ज्योति स्वामी, खुशी शर्मा, तनिसा सैनी, काजल सैनी, चेतना जांगिड, कनक शर्मा, पूनम मोयल, नेहा सैन, रचना आदि ने एक से बढ कर एक शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य गिरीश लाटा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। पालिकाध्यक्ष राजकरण चौधरी ने विधालय के प्रयासों की सराहना करते हुए सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं को बधाई दी। पालिकाध्यक्ष चौधरी ने आधुनिकृत रसायन विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण किया। एसीबीओ बाबूलाल शर्मा, सन्दर्भ व्यक्ति राकेश किलानिया, कंचन स्वामी, रेखा व्यास, भारती चौधरी, लक्ष्मी जोशी, विजय पारीक, जय सिंह शेखावत, डॉ. महेंद्र स्वामी ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राकेश सांकृत्य व रेणु चौधरी ने किया।


टांटिया स्कूल के वार्षिकोत्सव में विभिन्न प्रवृतियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया।

## चंग की धाप पर थिरके लोग

**सुजानगढ,** (का.स)। बांठिया गेस्ट हाऊस में धूम धडाका चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा होली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजलदेसर की जेपी एंड पार्टी द्वारा चंग की धाप पर फाग गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गयी।

इस पर उपस्थित जनसमूह ने जमकर होली के गीतों का आनंद लिया। वहीं कार्यक्रम में विचित्र वेशभूषा, हास्य कला मंच, एक हास्य नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गयी। राजस्थानी भचीड टीम द्वारा भी हास्य प्रस्तुतियां दी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी मूलचंद लूणिया थे। जबकि अध्यक्षता नगरपरिषद आयुक्त सोहनलाल नायक ने की।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि बीएल भाटी, सविता राठी, पवन तोदी, पार्षद मधु बागरेचा थे। कार्यक्रम संयोजक मनीष बोरड, अरिवन्द्र विश्वेन्द्रा, बंसत बोरड, नितिन बोरड, धर्मेन्द्र फूलफगर, मनोज सोनी, विकास सोनी, डिम्पल सेठिया, सीमा बोरड ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जयश्री कुण्डलिया, पूजा फूलफगर ने किया।

## भामाशाहों का सम्मान किया

**झुंझुनूं,**(निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हनुतपुरा में बुधवार को भामाशाह सम्मान समारोह मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पितराम सिंह काला के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसीएमओ मलसीसर डॉ. राहुल सुमन ने की।

विशिष्ट अतिथि एपीसी राजेन्द्र कपूरिया, पी.ओ. नवीन ढाका, मनोज कुमार मूण्ड एवं पीईईओ महेश कुमार थे। कार्यक्रम में काला ने इस विद्यालय को अलसीसर ब्लॉक का सर्वश्रेष्ठ स्कूल बनाने के क्रम में तीनों स्तंभों शिक्षक बालक व अभिभावकों की प्रशंसा की। डॉ. राहुल सुमन ने हेल्थ व हाइजेनिक के बारे में बताते हुए विद्यालय को आरओ भेंट करने की घोषणा की। संजय शर्मा अध्यक्ष पर्यावरण एवं जन जागृति संस्थान ने विद्यालय को सौ पौधे भेंट करने की घोषणा की। ग्राम पंचायत बाजला के सरपंच ने विद्यालय में शौचालय बनवाने व इंटरलॉक लगवाने की घोषणा की। प्रधानाध्यापक राकेश कालेर ने बताया कि इस अवसर पर सभी अतिथियों को पौधे भी भेंट किये गए एवं भामाशाहों का सम्मान प्रतीक चिन्ह व प्रशंसा पत्र प्रदान कर किया गया। इसी क्रम में गीतांजली ज्वेलर्स के द्वारा वाटर कूलर भेंट करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक विनोद कुमार भडिया ने किया।

## बंद मकान से सामान चोरी

**पाटन,** (नि.स) निकटवर्ती ग्राम पंचायत डोकण में बंद मकान से चोरी का प्रकरण पाटन थाने में दर्ज हुआ है। कुशलराज मीणा पुत्र मुरलीधर मीणा ने रिपोर्ट में लिखा है कि वर्तमान में हमारा परिवार जयपुर रहता है, तथा मकान बंद पड़े हुए हैं। 15 मार्च को जब हम अपने घर आए तो देखा कि मकानों के ताले टूटे हुए पड़े हैं तथा आटा चक्की की मोटर, लोहे का सामान, बाथरूम में लगी स्टील की टूटी, सावर आदि गायब है। इस बारे में जानकारी भी जुटाई।

## फागोत्सव मनाया

**चूरू,** (का. सं.)। स्थानीय सुभाष चौक स्थित ओझा आदर्श विद्या मंदिर में फागोत्सव मनाया गया। तिलकार्चन कर सभी भैया बहिनों ने विद्यालय स्टाफ के साथ फूलों की होली खेली। सभी भैया बहिनों एवं स्टाफ दीदियों ने फागोत्सव के गीतों पर नृत्य किया। प्रधानाचार्य विक्रम नाथावत ने होली के त्यौहार पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह रंगों एवं भाईचारे का त्योहार है। सभी मिलजुल कर होली का त्यौहार मनाएं। सभी अपने द्वेष भाव को भुलाकर सभी के साथ प्रेम भाव रखें। कार्यक्रम में मंजू महर्षि, वंदना शर्मा, सविता, ज्योति प्रजापत, सुनीता गोस्वामी, प्रगति शिवगण, सोनिया शर्मा, किरण प्रजापत एवं धन्नी देवी उपस्थित रहे।

## गजल संग्रह का विमोचन 19 को

**बीकानेर,** (कासं)। अदब सराय बीकानेर द्वारा उर्दू के वरिष्ठ शायर मौलाना अब्दुल वाहिद 'अशरफी' के दो गजल संग्रहों नखले सहरा उर्दू गजल संग्रह एवं राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर के आर्थिक सहयोग से प्रकाशित हिन्दी गजल संग्रह 'बनके खुशबू बिखर गया कोई' का लोकार्पण समारोह 19 मार्च को होगा।

# होली की शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**सरदारशहर,** (निसं)। होली मायड भूमी री कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को समाजसेवी विकास मालू अध्यक्ष सरदारशहर नागरिक परिषद दिल्ली की अध्यक्षता में होली की शोभायात्रा यात्रा निकाली गई जिसे देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा।

बाबू शोभा चंद जम्मड भवन से उद्योगपति विकास मालू ने शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा कच्चा बस स्टैंड पहुंची जहां पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शोभा यात्रा में योगी आदित्यनाथ की झांकी को पहले पुरस्कार के रुप में11000 प्राप्त हुए वहीं दूसरे पुरस्कार के रुप में नाथोलिया बंधु को 5100 सौ रुपए प्राप्त हुए। नाथोलिया बंधुओं ने 2000 अपनी तरफ से मिलाकर 7100 सो रुपए लोकरंजन परिषद को भेंट कर दिये।

तीसरा पुरस्कार 21 सो रुपए अजयराज को मिला। इसी क्रम में 11 झांकियों को 11-11 सौ रुपए सांत्वना पुरस्कार के रूप में भी दिए गए। विजेताओं को कार्यक्रम अध्यक्ष शोभा कांत स्वामी, शंकर प्रेमानी,माणक चंद भाटी सहित होली मायड भूमी री के कार्यकर्ताओं ने पुरस्कार प्रदान किया। यात्रा के सफल आयोजन में सरदारशहर नागरिक परिषद दिल्ली, श्री लोकरंजन परिषद, ताल ट्रस्ट, सरदारशहर प्रेरणा मंच, कर्मभूमि सेवा संस्थान, बाबा रामदेव पैदल यात्री संघ, शक्ति मंच, युवा शक्ति मंच के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का उल्लेखनीय योगदान रहा। यात्रा के सफल आयोजन पर सरदारशहर नागरिक परिषद दिल्ली के अध्यक्ष एवं समाजसेवी विकास मालू व कार्यक्रम अध्यक्ष शोभा कांत स्वामी ने सभी कलाकारों का आभार व्यक्त किया।


होली की शौभायात्रा के दौरान निकाली गई झांकी व शोभायात्रा में सर्वश्रेष्ठ झांकी को पुरस्कृत किया।












# महिला ने लगाया उसकी पुस्तैनी दुकान पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**मण्डावा,** (निसं)। मण्डावा में एक महिला ने भूमाफियों द्वारा गुण्डागर्दी कर मुख्य बाजार में स्थित उसकी पुस्तैनी दुकान पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार गंभीर बात यह है कि पुलिस भी राजनीतिक दबाब के कारण उसकी कोई सुनवाई नहीं कर रही है और भूमाफियों का पक्ष ले रही है। स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही करने के कारण महिला ने एसपी झुंझुनूं से न्याय की गुहार लगाई है। दुकान मालिक महिला कान्ता महर्षि ने पुलिस अधीक्षक झुंझुनूं को दिए अपने परिवाद में बताया कि मंडावा मुख्य बाजार में उनकी एक पुस्तैनी दुकान है, जिसको पूर्व में किराये पर दे रखा था। किरायेदार लादूराम शर्मा की मृत्यु होने पर उसके पुत्र ओमप्रकाश ने कुछ दिन दुकान चलाई और बाद में चाबी दुकान मालिक कान्ता को सौंप दी। दुकान काफी समय से बंद थी। कान्ता के अनुसार वो जयुपर रहती है गत दिनों उसकी पुस्तैनी दुकान को अंकित शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी मंडावा सहित कुछ भूमाफियों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया। उसे पता लगने पर वह अपने भाई पवन व भाभियों के साथ मंडावा आकर अपनी दुकान पर ताला लगाकर तथा पुलिस में रिपोर्ट लिखवाकर वापिस जयपुर आ गई। जयपुर आने पर उसे सूचना मिली कि अंकित ने उसकी दूकान के फिर ताले तोड दिए है। कान्ता के अनुसार पुलिस के संरक्षण की वजह से भूमाफियाओं के हौंसले बुलन्द है। पुलिस भूमाफियों पर तो कोई कार्यवाही करती नहीं है तथा उसे ही डराया घमकाया जा रहा है। कान्ता ने बताया कि उसके पति का एक्सीडेंट होने के कारण वो मंडावा आ नहीं सकते।




# विधायक मदन दिलावर की गिरफ्तारी पर रोक

- राजस्थान हाई कोर्ट ने रामगंज मंडी से भाजपा विधायक मदन दिलावर को राहत देते हुए जवाहर नगर थाने में उनके खिलाफ दर्ज एफ.आई.आर. में गिरफ्तार किए जाने पर रोक लगा दी।
- यह केस यू.आई.टी. कोटा के उप सचिव की रिपोर्ट पर यू.आई.टी. की सहायक अभियंता ज्योति रानी वर्मा व निजी सचिव कौशल किशोर ने दर्ज करवाया था।
- दिलावर के वकील का कहना है कि, यह केस राजनैतिक द्वेष के कारण दर्ज करवाया गया था, क्योंकि दिलावर ने बसपा विधायकों के कांग्रेस में विलय को चुनौती दी थी।

जयपुर, 16 मार्च (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कोटा के रामगंज मंडी से भाजपा विधायक मदन दिलावर को राहत देते हुए उनके खिलाफ जवाहर नगर थाने में दर्ज एफआईआर में गिरफ्तार किए जाने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले के शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अदालत ने मामले में अभियोजन पक्ष से चार सप्ताह में तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने को कहा है। जस्टिस नरेन्द्र सिंह ने यह आदेश मदन दिलावर की आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने याचिकाकर्ता दिलावर को भी निर्देश दिए हैं कि वह प्रकरण के अनुसंधान में सहयोग करे।

दिलावर की याचिका में अधिवक्ता डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ गत 23 फरवरी को जवाहर नगर थाने में झूठा मामला दर्ज कराया गया है। याचिकाकर्ता आमजन का निर्वाचित प्रतिनिधि है। विपक्ष के तौर पर याचिकाकर्ता को सरकार की कड़ी आलोचना करने का अधिकार है। याचिकाकर्ता के खिलाफ राजनीतिक द्वेष के चलते पूर्व में पांच अन्य मामले में दर्ज कराए गए थे। राज्य सरकार उसके खिलाफ मुकदमें दर्ज करवा कर जनप्रतिनिधि की आवाज को बंद कराना चाहती है।

गौर फरमाने योग्य है कि जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट गुट के बीच झगड़ा व शत्रुता अपने चरम पर थी और सचिन पायलट गुट के कई विधायकों को नोटिस जारी हुए थे। इसके साथ ही विद्रोही विधायकों पर देशद्रोह के मामले भी हाईकोर्ट में दायर हुए थे और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि अशोक गहलोत सरकार के पास पूर्ण बहुमत साबित करने के लिये पर्याप्त विधायक नही हैं।

तब मदन दिलावर ने बसपा के सभी विधायकों के कांग्रेस पार्टी में मिलने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, क्योंकि बसपा के पार्टी अध्यक्ष ने इन विधायकों को कांग्रेस पार्टी में मिलने की अनुमति नहीं दी थी। हालांकि हाईकोर्ट के इस मामले में अपना फैसला सुनाने या "स्टे" लगाने से पूर्व ही सचिन पायलट गुट जयपुर लौट आया था।

दिलावर के खिलाफ दर्ज मामला यह है, यूआईटी कोटा के उप सचिव की रिपोर्ट लेकर न्यास की सहायक अभियंता ज्योति रानी वर्मा व निजी सचिव कौशल किशोर ने गत 23 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मंगलवार दोपहर विधायक मदन दिलावर सहित करीब डेढ़ दर्जन लोग न्यास कार्यालय आए और सचिव से मिलने की जिद करने लगे। मामले में दर्ज एफ.आई.आर. के अनुसार जब विधायक मदन दिलावर को बताया गया कि सचिव राजकार्य से जयपुर गए हैं। इस पर वे आग बबूला हो गए और सचिव के कार्यालय में अनाधिकृत रूप से धरना देकर बैठ गए। विधायक कर्मचारियों पर दबाव बनाकर कार्य करने को मजबूर कर रहे थे और उन्होंने अपशब्द भी कहे। वहीं कार्यालय समय पूरा होने के बाद निजी सचिव कौशल किशोर को बाहर निकाल कर रात को न्यास सचिव के चैम्बर में कब्जा कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 143,353 व धारा 448 के तहत मामला दर्ज किया था।

## जापान के प्रधानमंत्री 19 मार्च को भारत आयेंगे

- जापान के प्रधानमंत्री का यह दौरा 2019 में ही प्रस्तावित था, किन्हीं कारणों से दौरा टल गया था, लेकिन अब जापान ने इस मामले में आगे बढ़कर पहल की है।

नई दिल्ली, 16 मार्च (वार्ता)। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा 19 मार्च को भारत के दौरे पर आएंगे। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगें। दोनों देशों के नेताओं के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा हो सकती है। साथ ही साथ वर्तमान समय में रूस-यूक्रेन विवाद पर भी दोनों प्रधानमंत्री अपने विचार साझा कर सकते हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस मुलाकात में हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर बातचीत संभव है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे के बीच वर्ष 2019 में मुलाकात होने वाली थी लेकिन भारत में नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शनों के कारण मुलाकात को स्थगित कर दिया गया था।

# अवैध बजरी से भरा ट्रेलर पलटा, तीन मरे

- तेज रफ्तार से जोधपुर से नागौर जा रहे ट्रेलर के पलटने से साथ चल रही बाईक पर सवार तीन लोगों की बजरी व ट्रेलर के नीचे दबने से मौत हो गई।
- तीनों मृतकों की पहचान के प्रयास चल रहे हैं, समझा जाता है कि तीनों मजदूर थे।

जोधपुर, 16 मार्च (कासं)। जोधपुर शहर में अवैध रूप से बजरी का खनन लगातार जारी है। बजरी माफिया पुलिस से बचकर भागने के चक्कर में इतनी तेज गाड़ी चलाते हैं कि अक्सर निर्दोष लोग उनकी चपेट में आ जाते हैं। बुधवार की सुबह भी ऐसा ही हुआ। जोधपुर से नागौर की तरफ जा रहा अवैध बजरी से भरा एक ट्रेलर पलटी खाने के बाद बाइक सवार तीन मजदूरों पर गिर गया। बजरी और ट्रेलर के नीचे दबने से तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोपहर तक मृतकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे थे। संभावना है कि मजदूर आसपास के एरिया के रहने वाले हैं। ट्रेलर पलटने की सूचना पर सूरसागर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कार्रवाई की। बजरी को हटाने पर तीन श्रमिक नीचे दबे मिले। उन्हें तत्काल अस्पताल भेजा गया। मगर तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

सूरसागर थानाधिकारी गौतम डोटासरा ने बताया कि सुबह छह से सात बजे के बीच में इस दुर्घटना की जानकारी मिली थी। बजरी से भरा ट्रेलर तेज गति से नागौर की तरफ जा रहा था। कालीबेरी रोड पर पहुंचने पर वह अनियंत्रित होकर पलटी खा गया। इससे पास में एक बाइक पर चल रहे तीन श्रमिक दब गए। पुलिस ने वहां पहुंच कर बजरी को हटवाने के साथ ट्रेलर को सीधा करवाया तो तीन श्रमिक दबे मिले, अस्पताल भेजने पर डॉक्टर ने भी मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

ज्ञातव्य है कि शहर में सुबह बजरी माफिया बहुत ज्यादा सक्रिय रहते हैं। वे अवैध रूप से बजरी का लदान भारी वाहनों में करने के साथ पुलिस से बचने के चक्कर में तेज रफ्तार से गाड़ियां चलाते हैं। पहले भी ऐसे हादसों में कई लोगों की जानें जा चुकी है। बासनी, सांगरिया, बनाड़ और महामंदिर इलाके में कई मौतें हो चुकी हैं।

## पूर्व सैनिकों की पेंशन

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिये कि, 1 जुलाई 2019 से पूर्व सैनिकों की बकाया पेंशन को तीन माह में दे दें तथा हर पांच साल पेंशन की राशि का पुनः निर्धारण करें।

नई दिल्ली, 16 मार्च। सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को सशस्त्र सेनाओं के जवानों के लिये "एक पद, एक पेंशन" की 2015 की नीति को यथावत रखते हुये, सरकार को निर्देश दिये है कि पूर्व सैनिकों को 1 जुलाई, 2019 से बकाया चल रही पेंशन 3 माह के अन्दर दे दी जाये तथा हर पाँच वर्ष बाद इसे संशोधित किया जाये।

न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड़ तथा सूर्यकांत से मिलकर बनी बैंच ने बुधवार को अपने फैसले में आदेश दिये कि 7 नवम्बर, 2015 के कम्यूनिकेशन में कहा गया है कि पेंशन का पुनर्निधारण हर पाँच साल पर होगा तथा यह 1 जुलाई, 2019 से बकाया है। केन्द्र ने कहा कि केन्द्र इस कवायद को पूरा करेगा तथा सशस्त्र सेनाओं के सभी पात्र पेंशनरों को तीन महीने में एरियर्स का भुगतान करेगा।

पेंशन की दरों में भविष्य में किसी भी प्रकार की वृद्धि होने पर, इनकी पेंशन के स्वत: संशोधन के संबंध में, वादी-पूर्व सैनिकों से संबंधित इस विवाद पर, बैंच की ओर से बोलते हुये न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ ने कहा, "इन बिन्दुओं को संदर्भ के लिहाज से एक साथ पढ़ने पर, यह स्पष्ट हैं कि पुराने पेंशनरों को पेंशन की दरें बिना किसी प्रशासनिक अडंगे के मिलेंगी। "स्वत: पहुँचें" शब्दावली के अर्थ को, लाभों की गणना के लिये किसी भी समयावधि के संदर्भ से जुड़े वादे के रूप में संकुचित या सीमित न कर दिया जाये।"

# भगवंत मान ने ली पंजाब के 28वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ

## शहीद भगत सिंह के गांव में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

खटकड़ कलाँ (शहीद भगत सिंह नगर), 16 मार्च (वार्ता)। पंजाब आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष भगवंत मान ने बुधवार को यहां पंजाब के नये मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की।

शहीदेआज़म भगत सिंह के पैतृक गाँव खटकड़कलां में 40 एकड़ में बनाये गये पंडाल में लाखों लोगों की मौजूदगी में मान को राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बसंती रंग में सराबोर माहौल में मुख्य सचिव अनिरुद्ध तिवारी ने शपथ ग्रहण समारोह का संचालन किया।

इस मौके पर आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल तथा दिल्ली सरकार के मंत्रियों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित शख्सियतों ने शिरकत की। इस समारोह में सियासी हस्तियों को नहीं बुलाया गया लेकिन कला तथा रंगमंच की दुनिया की हस्तियों को न्यौता दिया गया। ज्यादातर कलाकार मान के करीबी रहे।

प्रसिद्ध लोक गायक गुरदास मान,कांग्रेस के सांसद एवं कलाकार मोहम्मद सदीक और अनेक जाने-माने लोग उनके शपथ समारोह में पहुंचे।

समारोह में 'आप' के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, विधायक और पंजाब मामलों के प्रभारी जरनैल सिंह, विधायक और पंजाब मामलों के सह-प्रभारी राघव चड्ढा के अलावा 'आप' के कई नवनिर्वाचित विधायक, वरिष्ठ नेता, पंजाब के पार्टी कार्यकर्ता और वॉलंटियर उपस्थित थे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के शपथ समारोह पर जनता के खून-पसीने के करोड़ों रुपये फूंके गये।

चुघ ने बयान में कहा कि शपथ ग्रहण समारोह कोई सादगीपूर्ण किया कार्यक्रम नहीं था बल्कि यह किसी राजा-महाराजा की ताज़पोशी की तरह किया गया।

भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि 150 एकड़ की फसल को बर्बाद कर दिया गया, जिसके लिए अब मान उन किसानों को मुआवजा देने की बात कर रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री यह बताएं कि 150 एकड़ की फसल कितने लोगों का पेट भर सकती थी,उस नुकसान की भरपाई कौन और कैसे करेगा।

चुघ ने कहा कि आप को प्रचंड बहुमत मिला है और उसे 'विघटनकारी' भूमिका नहीं निभाना चाहिए क्योंकि पंजाब एक संवेदनशील राज्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए।

## कश्मीर में बुधवार को मुठभेड़ में तीन आतंकी मारे गये

श्रीनगर, 16 मार्च (वार्ता)। कश्मीर में सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को मार गिराया।

अधिकारियों ने बुधवार को जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि मारे गए आतंकवादी पिछले सप्ताह एक सरपंच समीर अहमद भट्ट की हत्या में शामिल थे। उन्होंने कहा कि श्रीनगर के बाहरी इलाके नौगाम में आतंकवादियों छिपे होने की सूचना मिलने के बाद, सुरक्षा बलों ने करीब आधी रात के आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया और इस मुठभेड़ में आतंकवादियों के मंसूबों के नाकामयाब कर उनको मार गिराया।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा, हमें मंगलवार रात को एक सूचना मिली थी जिसमें बताया गया कि नौगाम में तीन से चार आतंकवादी छिपे हुए हैं। इसके बाद पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने इलाके की घेराबंदी करके और इस क्षेत्र के नागरिकों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया। करीब रात दो बजे मुठभेड़ शुरू हुई, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए।

# शशि थरूर भी जी-23 में शामिल हुये

## गुलाम नबी आज़ाद के घर पर मीटिंग हुई जिसमें शशि थरूर सहित कई नेता शामिल हुये

- शशि थरूर के कांग्रेस के बागी नेताओं के ग्रुप जी-23 में शामिल होने से कांग्रेस हाई कमान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

नई दिल्ली, 16 मार्च। पांच राज्यों के चुनावों में कांग्रेस की करारी हार के बाद पार्टी की मुश्किलें लगातार बढ़ रही है। पार्टी के अंदर असंतुष्ट खेमा लगातार बैठक के जरिए पार्टी हाई कमान के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहा है। बुधवार को एक बार फिर जी-23 सदस्यों ने गुलाम नबी आजाद के घर बैठक की। इस बैठक में शशि थरूर भी शामिल हुए हैं। थरूर के जी-23 ग्रुप में शामिल होने से हाई कमान की मुश्किल बढ़ सकती है।

बुधवार शाम को डिनर मीटिंग के लिए जी-23 सदस्यों ने गुलाम नबी आजाद के घर दौड़ लगाई। यह बैठक इसलिए भी ज्यादा अहम माना जा रही है क्योंकि रविवार को कांग्रेस कार्यसमिति ने पांच घंटे की मैराथन बैठक की थी। आजाद के घर बैठक में शामिल होने वालों में कपिल सिब्बल, शशि थरूर, आनंद शर्मा, मनीष तिवारी, भूपिंदर हुड्डा, अखिलेश प्रसाद सिंह, पृथ्वीराज चव्हाण, राज बब्बर, पीजे कुरियन और मणिशंकर अय्यर शामिल थे। इससे पहले जी-23 सदस्यों ने चुनाव परिणामों के दिन भी बैठक की थी और एक सुर में पार्टी के पूर्णकालिक अध्यक्ष की मांग की थी।

शशि थरूर, जो गांधी परिवार के काफी करीबी माने जाते हैं, उनका जी-23 बैठक में हिस्सा लेना निसंदेह बड़ी बात है। इससे पहले आज ही शशि थरूर ने ट्वीट करके अपने इरादे साफ कर दिए थे। उन्होंने लिखा, "मैंने अपनी गलतियों से बहुत कुछ सीखा है। अब सोच रहा हूं आगे बढ़ूं।"

बताया जा रहा है कि जी-23 सदस्यों की बैठक पहले कपिल सिब्बल के घर होनी थी। लेकिन बीते रोज सिब्बल का सब की कांग्रेस वाले बयान के बाद बैठक की जगह गुलाम नबी आजाद के घर को चुना गया। जी-23 सदस्यों ने सिब्बल के बजाय आजाद के घर बैठक करके पार्टी हाई कमान को यह संदेश देने की कोशिश की है कि वो सिब्बल के बयान का समर्थन नहीं कर रहे हैं। बताते चलें कि सिब्बल ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह आखिरी सांस तक घर की कांग्रेस से सब की कांग्रेस के लिए लड़ते रहेंगे।

इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने इस बात की पुष्टि की थी कि सोनिया गांधी ने रविवार को हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में नेताओं को संबोधित करते हुए अपने और अपने बच्चों राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के इस्तीफे की पेशकश की थी। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने इसे सर्वसम्मति से खारिज कर दिया था।

## गहलोत के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को उनके सामने रखें, जिन पर आज मीटिंग में चर्चा हुई है। मुद्दे की बात तो यह है कि क्या गांधी भाई-बहिन उस बात को सुनने के लिये तैयार भी हैं, जो उनसे कही जा रही है।

आज़ाद की डिनर मीटिंग में कपिल सिब्बल, आनन्द शर्मा, शशि थरूर, मनीष तिवारी, पृथ्वीराज चव्हाण, भूपिन्दर सिंह हूडा, परनीत कौर, मणिशंकर अय्यर, बघेला, संदीप दीक्षित सहित अन्य कई नेता शामिल थे।

आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ सकती है तथा ज्यादा संकट की अपेक्षा इस कारण है कि गांधी परिवार साफ दिखाई दे रही इबारत को पढ़ने से ही इंकार न कर दे।

## राष्ट्रपति के चुनाव ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लिये प्रांतीय विधायिकाओं के सदस्य भी वोट देते हैं।

ममता बनर्जी ने कहा है कि भाजपा के पास देश में आधे विधायक भी नहीं हैं, इसलिये अपने पसंदीदा प्रत्याशी को राष्ट्रपति बनवाना उसके लिये मुश्किल होगा।

भाजपा के पास राज्यों के आधे विधायक भी न होने की स्थिति में, भाजपा के अपने पसंदीदा उम्मीदवार को राष्ट्रपति पद के लिये निर्वाचित करा पाना बहुत मुश्किल होगा।

उन्हें अब भी ऐसी उम्मीद है कि वे सभी विपक्षी दलों में इस प्रकार की आपसी समझ-बूझ बना लेंगी कि वे सब मिलकर अपनी पसंद का राष्ट्रपति चुन सकें।

ऐसी कोशिश वे पहले भी कर चुकी हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के रूप में प्रणब मुखर्जी के चुनाव के समय भी इसी प्रकार की गोल-मोल बात कही थी। राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिये उस समय भी उनके दिमाग में कुछ अन्य नाम थे।

लेकिन देश के अति चतुर राजनेताओं में से एक नेता ने उन्हें अपनी चतुराई से मात दे दी थी। मुलायम सिंह यादव की चतुराई के आगे ममता की यह योजना धरी रह गई थी कि वे राष्ट्रपति पद के लिये अपनी पसंद के प्रत्याशी को ला सकें।

मुलायम अंतिम क्षणों में एकाएक बदल गये थे और ममता बनर्जी देखती रह गई थीं।

# कर्नाटक में हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ मुस्लिम संगठनों ने बंद की घोषणा की

## सभी मुस्लिम संगठन हिज़ाब पर प्रतिबंध के खिलाफ एक सुर में लामबंद हुये

- मुस्लिम नेता सगीर अहमद ने बुधवार को घोषणा की कि, वे गुरुवार को मुस्लिम समुदाय के मौलवियों के साथ बैठक करेंगे। हमारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल से इस मामले में बात हुई है।
- कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को मुस्लिम छात्राओं की ओर से दायर उन सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें शिक्षण अवधि के दौरान शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने की अनुमति देने की मांग की गई थी।

बेंगलुरु, 16 मार्च (वार्ता)। कर्नाटक उच्च न्यायालय के हिजाब को लेकर सुनाये गये फैसले से नाराज मुस्लिम समुदाय के नेताओं ने गुरुवार को 'कर्नाटक बंद' का आह्वान किया है।

गौरतलब है कि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को मुस्लिम छात्राओं की ओर से दायर उन सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें शिक्षण अवधि के दौरान शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने की अनुमति देने की मांग की गई थी। न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए कहा कि मुस्लिम महिलाओं द्वारा हिजाब पहनना इस्लाम के तहत आवश्यक धार्मिक प्रथा का हिस्सा नहीं है और विद्यालय के यूनिफॉर्म का निर्धारण केवल एक उचित प्रतिबंध है, जिस पर छात्र-छात्राएं आपत्ति नहीं कर सकते। न्यायालय की पीठ ने यह भी कहा कि राज्य सरकार के पास इस संबंध में आदेश जारी करने का अधिकार है।

अदालत के फैसले से खफा मुस्लिम समुदाय के नेताओं ने कल कर्नाटक बंद का आव्हान किया है। मुस्लिम नेताओं ने स्वैच्छिक बंद का ऐलान किया है। कल के बंद में शामिल होने के लिए पूरे राज्य व्यापार मंडल को भी निर्देश दिया गया है।

मुस्लिम नेता सगीर अहमद ने बुधवार को घोषणा की कि, वह कल मुस्लिम समुदाय के मौलवियों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि बंद के लिए किसी से कोई जोर जबरदस्ती नहीं करना है। अल्पसंख्यक समुदाय के राजनीतिक नेता मंगलवार को हिजाब पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए थे। बैठक अमीर ए शरीयत के आवास पर हुई। बैठक में सलीम अहमद, जमीर अहमद खान, यूटी खादर, एनए हैरिस, नजीर अहमद, रहमान खान, खानिज फातिमा और अन्य ने भाग लिया था।

अदालत के फैसले के बाद छात्रों द्वारा दिए गए बयान पर मौलवियों ने आपत्ति जताई है। उनका रवैया ठीक नहीं है, उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के फैसले से घबराने की जरूरत नहीं है। वर्दी को आदेश का पालन करने के लिए कहा गया है। हमें भी उच्चतम न्यायालय में जाने की इजाजत है। कांग्रेस नेता व वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से बात हो चुकी है। आमिर ए शरीयत ने कल सभी नेताओं को सलाह दी कि वे समाज में अनावश्यक भ्रम पैदा न करें।

## आर्बिट्रेशन

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- एमेज़ॉन व फ्यूचर ग्रुप को आर्बिट्रेशन प्रक्रिया शुरू करने की इजाज़त दी सुप्रीम कोर्ट ने।

नई दिल्ली, 16 मार्च। सर्वोच्च न्यायालय ने आज मध्यस्थता की उन प्रक्रियाओं को फिर से शुरु करने की अनुमति दे दी, जो एमेज़ॉन ने सिंगापुर में फ्यूचर ग्रुप के विवाद में की थीं। ज्ञातव्य है कि फ्यूचर ग्रुप ने मुकेश अंबानी के रिलायंस ग्रुप के साथ 24,713 करोड़ रू. के असैट सेल डील की पेशकश की थी।

अदालत ने यह अनुमति इसलिये दी कि दोनों पक्ष, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आदेशित समझौता-वार्ता के जरिये, किसी सैटलमैंट की स्थिति तक नहीं पहुँचे थे। दिल्ली उच्च न्यायालय की एक डिविजन बैंच ने जनवरी में, अन्तर्राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल के समक्ष, एमेज़ॉन तथा फ्यूचर ग्रुप के बीच मध्यस्थता की प्रक्रिया पर "स्टे" लगा दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने एमेज़ॉन तथा फ्यूचर ग्रुप के बीच के इस केस की सुनवाई करते हुये, दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा "सिंगापुर ऑर्बिट्रेशन ट्रिब्यूनल सैन्टर (एस.आई.ए.सी.) पर दिये गये "स्टे" को हटा दिया।

शीर्ष अदालत ने फ्यूचर ग्रुप तथा एमेज़ॉन से पूछा कि क्या उन्हें मध्यस्थता प्रक्रिया के पुनः शुरु करने में कोई परेशानी है। अगर कोई परेशानी या समस्या नहीं है तो यह अदालत मध्यस्थता की कार्यवाही पुनः शुरु किये जाने का आदेश दे देगा। दोनों ही पक्षों ने पक्के तौर पर कह दिया कि उन्हें ऐसा करने में कोई परेशानी नहीं हैं।

## राजस्थान में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रमना की अध्यक्षता वाली बैंच के समक्ष रखते हुये कहा कि "जल्दी सुनवाई इसलिये जरूरी है कि बहुत सी लड़कियों को कॉलेज जाना हैं।" उन्होंने यह इच्छा प्रकट की कि इस प्रकरण की सुनवाई अगले सप्ताह के पहले दिन ही कर ली जाये।

हेगड़े ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा, जो भारतीय संविधान के मूल ढ़ाँचे का एक हिस्सा है, का उल्लंघन करते हुये, उच्च न्यायालय का यह फैसला मुस्लिम एवं गैर मुस्लिम बालिकाओं/महिलाओं के बीच अनुचित भेदभाव पैदा कर रहा हैं।

## वियतनाम में करोना मामलों का रिकॉर्ड बना

हनोई, 16 मार्च (वार्ता/शिन्हुआ)। वियतनाम में कोविड-19 का दैनिक प्रसार बढ़ता ही जा रहा है। देश भर में बुधवार को यहां 1,80,558 नए मामले दर्ज हुए जो मंगलवार के मुकाबले 5,078 अधिक है। स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी। देश भर में 62 इलाकों से 1,80,552 स्थानीय मामले तथा छह मामले विदेशों से सामने आये हैं। वियतनाम की राजधानी हनोई में बुधवार को 26,220 मामले सामने आए तथा मध्य नघे प्रांत में 10,797 मामले और उत्तरी विन्ह फुक प्रांत में 8,875 मामले दर्ज हुए। इसी अवधि में थान होआ और नघे एन के दो संघीय इलाकों में 86,982 मामलों की पुष्टि हुई। जानकारी के अनुसार, देश में अभी तक कुल संक्रमितों की संख्या 68,20,458 हो गयी है।

# 'सोशल मीडिया के मार्फत सुनियोजित ढंग से देश में नफरत फैलाई जा रही है'

## सोनिया गांधी ने लोकसभा में कहा कि, छद्म न्यूज़ प्रचारक फेसबुक के मार्फत विषाक्त ईकोसिस्टम खड़ा कर रहे हैं

- कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा भारत में राजनीतिक विचारों एवं सामाजिक सद्भाव को प्रभावित करने के सुनियोजित प्रयासों पर गहरी चिंता जतायी और सरकार से आग्रह किया कि वह इस प्रकार के खतरे से हमारे लोकतंत्र की रक्षा करे।

नई दिल्ली, 16 मार्च (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा भारत में राजनीतिक विचारों एवं सामाजिक सद्भाव को प्रभावित करने के सुनियोजित प्रयासों पर आज गहरी चिंता जतायी और सरकार से आग्रह किया कि वह इस प्रकार के खतरे से विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की रक्षा करे।

सोनिया गांधी ने लोकसभा में शून्यकाल में यह मामला उठाया और कहा कि हमारे लोकतंत्र को सोशल मीडिया के दुरुपयोग से खतरा बढ़ रहा है। फेसबुक एवं ट्वीटर जैसी वैश्विक कंपनियों का नेताओं, पार्टियों एवं उनके छद्म कार्यकर्ताओं द्वारा खास प्रकार के राजनीतिक विचारों को स्थापित करने के लिए प्रयोग बढ़ रहा है। लोगों के संज्ञान में यह बार-बार आ रहा है कि वैश्विक सोशल मीडिया कंपनियां सभी पार्टियों के लिए समान अवसर उपलब्ध नहीं करा रहीं हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पिछले साल वॉल स्ट्रीट जर्नल ने एक रिपोर्ट में कहा कि फेसबुक के खुद के घृणास्पद अभिव्यक्ति संबंधी नियम सत्ता पक्ष के राजनीतिज्ञों के पक्ष में धूमिल हो रहे हैं। हाल ही में अल ज़जीरा और रिपोर्ट्स कलेक्टिव ने दर्शाया है कि छद्म प्रचारकों द्वारा समाचार माध्यमों के नाम से फेसबुक पर एक विषाक्त ईकोसिस्टम हमारे देश में चुनावी कानूनों को दरकिनार करके और फेसबुक के नियमों के विरुद्ध जाकर सरकार के खिलाफ आवाजों का दमन किया जा रहा है। सत्ताधारियों के साथ मिल कर फेसबुक द्वारा जिस आक्रामकता से सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ा जा रहा है, वह हमारे लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

उन्होंने कहा कि युवा एवं प्रौढ़ मस्तिष्क में भावनात्मक रूप से भ्रामक सूचनाओं से घृणा भरी जा रही है और फेसबुक जैसी छद्म प्रचार कंपनियां इस बात को जानतीं हैं और वे उससे मुनाफा कमा रहीं हैं। रिपोर्ट से पता चलता है कि बड़े कारोबारी घरानों, सत्ताधारियों एवं फेसबुक जैसी वैश्विक सोशल मीडिया कंपनियों के बीच इस प्रकार की सांठ-गांठ बढ़ रही है।

श्रीमती गांधी ने कहा, मैं सरकार से आग्रह करतीं हूं कि वह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की चुनावी राजनीति में फेसबुक एवं अन्य सोशल मीडिया कंपनियों के सुनियोजित हस्तक्षेप एवं प्रभाव को समाप्त करे।

## कांग्रेस ने हार की जांच के लिए पदाधिकारी भेजे

नई दिल्ली, 16 मार्च (वार्ता)। कांग्रेस ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों की जांच के लिए पांच महासचिव नियुक्त किए हैं, जो हार के कारणों का पता लगाने के लिए विभिन्न नेताओं से बातचीत करेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इन नामों को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने श्रीमती रजनी पाटिल को गोवा, जयराम रमेश को मणिपुर, अजय माकन को पंजाब, अविनाश पांडे को उत्तराखंड और जितेंद्र सिंह को उत्तर प्रदेश भेजा है और कहा है कि वहां विधायक का चुनाव लड़ने वाली पार्टी के उम्मीदवारों के साथ ही अन्य नेताओं से बातचीत करें और हार के कारणों के साथ ही चुनाव के बाद की स्थिति का जायजा लें।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600

MARUTI SUZUKI ARENA

GOLDEN MARCH OFFER

# मार्च मेगा महाबचत ऑफ़र.

इस मार्च, ख़रीदें अपनी पसंदीदा मारुति सुज़ुकी एरीना कार और पाएँ शानदार महाबचत का मौक़ा.




## बड़ी बचत

**CELERIO ₹23 100*** **SWIFT ₹33 100*** **S-PRESSO ₹28 100***
**DZIRE ₹23 100*** **WAGONR ₹39 100***

पाएँ सुनिश्चित 2 ग्राम सोने का सिक्का
अपनी मारुति सुज़ुकी एरीना कार ख़रीदने पर^
ऑफ़र सिर्फ़ 17 मार्च 2022 तक मान्य है।

CELERIO SWIFT S-PRESSO DZIRE WAGONR

**E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: ankit.syal@maruti.co.in**

**AUTHORISED DEALERS: CHURU: AURIC MOTORS:** CALL: 01562-250696, 8875010502. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** CALL: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: CALL: 7412075151. **AURIC MOTORS**: CALL: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **AJMER: RELAN MOTORS**: CALL: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: CALL: 9887851795. LALSOT: CALL: 9460654936. BANDIKUI: CALL: 9887456970. MAHWA: CALL: 9950780018. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9782445691. UNIARA: CALL: 9785791929. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: CALL: 7412077062. SAMBHAR: CALL: 7412068410. ACHROL: CALL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: CALL: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: CALL: 9214794314 / 8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: CALL: 8058794167 / 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058794032. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: CALL: 8058794042. DUDU: CALL: 8058794168. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794341. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. VIRATNAGAR: CALL: 6350612446. JAMWA RAMGARH: CALL: 6350612727. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** CHOMU: (MORIJA ROAD): CALL: 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: CALL: 9772210451. **ALWAR: MG MOTORS:** CALL: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: CALL: 0154-2466225, 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: CALL: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: CALL: 8955664400. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 0744-2365092, 9829035100. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 0744-2439000, 9829799009. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: CALL: 9116178527. BHAWANIMANDI: CALL: 9116178557. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 7412092350. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: CALL: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. BHINMAL: CALL: 02969-222438, 9680059999. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 0291- 2630478 / 79 / 80, 8094011151. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: CALL: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** CALL: 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** CALL: 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. **TECHNOY MOTORS**: GOVARDHAN VILLAS: CALL: 0294-2485158, 2485738, 9982666809, 9460402878. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES**: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. **CHAMPION CARS**: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: CALL: 9413316092, 9413316399.

*Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer and ISL/ fleet offer (wherever applicable) on select model/ variants. ^Gold coin offer is valid on selected variants of Swift and WagonR and value of coin may vary depending on variant. Gold coin offer is not valid on Alto, S-Presso, Vitara Brezza, Dzire, Celerio, Ertiga and Eeco. Gold coin offer is valid on Invoicing till 17th March 2022. **^Terms & Conditions apply. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offers are valid till 31st March 2022 or till stocks last, whichever is earlier.